
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 194 | ग्वालियर, रविवार 24 मार्च 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## कांग्रेस के 6 बागी और 3 निर्दलीय विधायक बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में राज्य सभा चुनाव से शुरू हुआ सिसासी तूफान शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। इस क्रम में कांग्रेस के आधा दर्जन बागी विधायक बीजेपी में शामिल हो गए. लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के 6 बागी विधायकों ने बीजेपी का दामन थाम लिया है. इसके साथ ही तीन निर्दलीय विधायक भी बीजेपी में शामिल हो गए हैं. हिमाचल प्रदेश के 6 बागी विधायक-सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, इंदर दत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो, राजेंद्र राणा और चैतन्य शर्मा हिमाचल प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष राजीव बिंदल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए.

भाजपा में शामिल होने के बाद हिमाचल के बागी विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि जब हम अपने लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं कर पा रहे हैं तो विधायक होने का क्या मतलब है. इसीलिए राज्यसभा चुनाव में हमने हर्ष महाजन को वोट दिया जो हमारे राज्य से हैं....आज हम सब अपनी मर्जी से भाजपा में शामिल हुए हैं...जब किसी व्यक्ति के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे और आपकी बात सुनने वाला कोई ना हो तो ऐसी जगह पर नहीं रहना चाहिए. हिमाचल के बागी विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश के



लोगों से की गई गारंटी पूरी नहीं कर रही है... सीएम तानाशाह बन गए हैं. विधायकों की सुनने वाला कोई नहीं है। हिमाचल सरकार वेंटिलेटर पर है। भाजपा में शामिल होने के बाद हिमाचल के बागी विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है...प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश भी विकास के मामले में आग बढ़े इसलिए हमने आज कांग्रेस पार्टी छोड़ी है और भाजपा में शामिल हुए हैं. हिमाचल प्रदेश के 3 निर्दलीय विधायक- आशीष शर्मा, के.एल. ठाकुर और होशियार सिंह भी हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए. भाजपा में शामिल होने के बाद हिमाचल के बागी विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुल बजट का 90त्न हिस्सा केंद्र से आता है. यही कारण है कि मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र लाहौल-स्पीति को ध्यान में रखते हुए हर्ष महाजन को वोट दिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण था विधानसभा अध्यक्ष ने हमें बिना किसी कारण के निलंबित कर दिया. बागी विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि कांग्रेस की कार्यक्षमता चरमरा गई है. ना तो हाईकमान का कोई प्रभाव है और ना ही पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए कोई सम्मान बचा है. बागी विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के विचारों और विचारों को दबाया जाता है और उस व्यक्ति को किनारे कर दिया जाता है, तो यह सिर्फ उस व्यक्ति के आत्मसम्मान की हानि नहीं है बल्कि यह उन लोगों का भी नुकसान है जिन्होंने उस व्यक्ति को चुना है।

## न्यूज ट्रैक

### एबीवीपी ने जीते संस्कृत सेंटर के काउंसलर्स पद



**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शुक्रवार को हुए छात्रसंघ चुनाव में बंपर मतदान हुआ। शुरुआती नतीजों में एबीवीपी को संस्कृत सेंटर के सभी काउंसलर के पदों पर जीत मिली है। साइंस सेंटर में भी कुछ पदों पर एबीवीपी ने शुरुआती बढ़त बनाई है। वहीं, विपक्षी वाम समर्थित उम्मीदवारों को भी कई स्थानों पर बढ़त मिली है। छात्र संघ चुनाव के अंतिम नतीजे रविवार तक आने की उम्मीद है। वोटिंग के बाद मतों की गिनती शुक्रवार रात 9 बजे से होनी थी। बाद में रात 11 बजे का समय चुनाव समिति द्वारा बताया गया, किंतु अंत में वोटो की गिनती रात लगभग 3 बजे से प्रारंभ हो सकी। मतगणना की शुरुआत साइंस संस्थानों के काउंसलर से हुई। शनिवार शाम 4 बजे तक आठ सेंटरों के परिणाम आए हैं, जिनमें एबीवीपी में जोरदार विजय के साथ अपना परचम लहराया। संस्कृत सेंटर के सभी काउंसलर के पदों पर एबीवीपी की जीत हुई है। साइंस सेंटर में भी एबीवीपी शुरुआती बढ़त बनाए हुए है। स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड सिस्टम साइंसेज, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड इंटीग्रेटेड साइंसेज, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ संस्कृत एवं इंडिक स्टडीज में एबीवीपी ने क्लीन स्वीप किया है। शनिवार को दोपहर बाद 3–30 बजे स्कूल ऑफ सोशल साइंस की मतगणना प्रारंभ हुई है। स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड कल्चरल स्टडीज तथा स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज जैसे बड़े स्कूलों की मतगणना भी अभी बाकी है। दो सीटों के लिए स्पेशल सेंटरो के लिए मतगणना भी अभी होनी है। शनिवार शाम 7 बजे से केंद्रीय पैनल के वोटों की गिनती शुरू होने के संभावना है। मतदाताओं के जागरूक होने के कारण यहां जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में करीब 73 फीसदी मतदान हुआ। पिछ्ल

### कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीटों पर पीएम मोदी की लहरः प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा है कि राज्य की सभी 28 संसदीय सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में लहर है। उन्होंने टिकट वितरण को लेकर भाजपा के भीतर विद्रोह का जिक्र करते हुए कहा, सब कुछ ठीक हो जाएगा। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए, कर्नाटक भाजपा प्रमुख विजयेंद्र ने कहा कि कांग्रेस नेता जानते हैं कि हार निश्चित है और जीतने की हताशा में वे अपने मंत्रियों को लोकसभा चुनाव में उतारने का व्यर्थ प्रयास कर रहे हैं।

## पीएम मोदी ने की मॉस्को आतंकी हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की राजधानी मॉस्को में हुए आतंकी हमले की निंदा की है और मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट हम मॉस्को में जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं... दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है. मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में एक संगीत कार्यक्रम में वेश बदलकर आए हथियारों से लैस पांच बंदूकधारियों ने लोगों पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की. इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में कम से कम 60 लोग मारे गए और 145 से अधिक घायल हुए हैं. रूस की राजधानी मॉस्को में हुए



आतंकी हमले के पीछे खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस का हाथ है. आईएसआईएस ने खुद इस हमले की जिम्मेदारी ली है. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएसआईएस की न्यूज एजेंसी अमाक ने टेलीग्राम पर मॉस्को टेरर अटैक से जुड़ा एक बयान जारी किया है. इस बयान में उसने क्रॉकस सिटी हॉल में हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है. हालांकि आईएस आईएस ने हमले की जिम्मेदारी तो ली है, लेकिन इससे जुड़ा कोई भी सबूत उजागर नहीं किया है. आईएसआईएस ने अपने बयान में कहा कि उसने मॉस्को के क्रास्नोगोर्स्क सिटी में ईसाइयों के एक बड़े कार्यक्रम में हमला किया है, जिसमें सैकड़ों लोगों की मौत हुई है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में शुक्रवार रात को एक संगीत कार्यक्रम शुरू होने वाला था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजदू थे. तभी वहां घुसे कुछ हथियारबंद लोगों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और ग्रेनेड भी फेंका. ग्रेनेड हमले से वहां आग लग गई.

## केजरीवाल ने फिर खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ल। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर से दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. केजरीवाल ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायक कर दिल्ली शराब घोटाले के मामले में अंतरिम राहत की मांग की है. सीएम केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा है कि वह दिल्ली शराब घोटाला केस की जांच में सहयोग करने को तैयार हैं, हालांकि उन्होंने मांग की है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उन्हें गिरफ्तारी से रोका जाए. बता दें कि ईडी के समन पर आज (21 मार्च) को केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होना है. बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के सभी समन की संवैधानिक वैधता को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है. जिसकी बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. अब इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट 22 अप्रैल को सुनवाई करेगा. बता दें कि बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने बताया कि उन्हें गिरफ्तारी का डर है. प्रवर्तन निदेशालय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब तक 9 बार समन भेज चुकी है. ईडी ने उन्हें आज (21 मार्च) पूछताछ के लिए बुलाया है. ईडी के समक्ष पेश होने से पहले केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया. साथ ही कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने की मांग की है. केजरीवाल इससे पहले भेजे गए समन पर ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे. इस मामले में शनिवार को उन्हें दिल्ली की एक अदालत से जमानत मिली थी. दिल्ली शराब पॉलिसी मामले में गिरफ्तारी की आशंका के चलते अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट पहुंचे हैं. उन्होंने कहा है कि वो ईडी के सामने पेश होने के लिए तैयार हैं, अगर ईडी यह आश्वासन दे कि वे उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा. केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पहला समन पिछले साल 2 नवंबर को भेजा था. लेकिन वह ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे. इसके बाद एजेंसी ने उन्हें 21 नवंबर 2023 को भी समन भेजा लेकिन केजरीवाल इस समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए. उसके बाद 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 19 फरवरी, 26 फरवरी, 4 मार्च और 17 मार्च को भी केंद्रीय एजेंसी ने केजरीवाल को समन भेजे. लेकिन अरविंद केजरीवाल किसी भी समन पर पेश नहीं हुए. सीएम केजरीवाल का दावा है कि केंद्रीय एजेंसी ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है.





## शराब घोटाले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाले की जांच कर रहे ईडी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के मंत्रियों, नेताओं और कुछ अन्य लोगों के बीच मिलीभगत से कथित घोटाला हुआ और अरविंद केजरीवाल इसके मुख्य साजिशकर्ता हैं। केजरीवाल को शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। ईडी ने कहा, सीधे तौर पर कुछ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए एक्साइज पॉलिसी तैयार करने की साजिश में वो शामिल थे



और बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी वो शामिल थे, जिसके लिए व्यापारियों को लाभ दिया गया। नीति का मसौदा साउथ ग्रुप को दिए जाने वाले फेवर को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा था और इसे विजय नायर, मनीष सिसोदिया और साउथ ग्रुप के सदस्यों-प्रतिनिधियों की मिलीभगत से बनाया गया। जांच एजेंसी ने कहा, इसलिए, न केवल आप बल्कि अरविंद केजरीवाल को पीएमएलए की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध का दोषी माना जाएगा और पीएमएलए की धारा 70 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है और दंडित किया जा सकता है।

## ईडी की 6 दिनों की रिमांड पर सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया. हालांकि एजेंसी ने केजरीवाल की 10 दिन की रिमांड मांगी थी. कथित दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार देर शाम सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया. शुक्रवा को आप प्रमुख को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया. वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी, विक्रम चौधरी और रमेश गुप्ता के साथ वकील रजत भारद्वाज, मुदित जैन और मोहम्मद इरशाद दिल्ली के सीएम केजरीवाल की ओर से पेश हुए. वहीं ईडी की ओर से कोर्ट में एसजी एसवी राजू और विशेष वकील जोहेब हुसैन पेश हुए. अदालत के समक्ष अपनी दलीलों में, ईडी ने आरोप लगाया कि दिल्ली के सीएम व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में मुख्य साजिशकर्ता और सरगना हैं. एजेंसी ने आगे दावा किया कि केजरीवाल सीधे तौर पर उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण में शामिल थे. ईडी के वकील ने दावा



किया कि विजय नायर, जो के मीडिया प्रभारी थे, दिल्ली के सीएम केजरीवाल के लिए काम कर रहे थे. नायर, जिसके बारे में एजेंसी ने कहा था कि वह केजरीवाल के आवास के बगल में रहतें हैं, ने आप और दक्षिण समूह के बीच बिचौलिए के रूप में काम किया. ईडी के वकील ने आगे दावा किया कि अपराध की आय न केवल 100 करोड़ रुपये है, बल्कि रिश्वत देने वालों द्वारा कमाया गया मुनाफा भी अपराध की आय है. वकील ने कहा कि एजेंसी ने 45 करोड़ रुपये के हवाला ट्रेल्स का पता लगाया है जिनका इस्तेमाल गोवा चुनाव में किया गया था.

## बूथ विजय अभियान अंतर्गत विधायक उमाकांत शर्मा ने किया गांव-गांव संपर्क

### बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों की ली बैठक

अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज।** मंगलवार को देर शाम विधायक उमाकांत शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हैं बूथ विजय संकल्प अभियान अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल देवपुर के मतदान केन्द्र ग्राम जैतपुर, अनूपपुर, रूसल्ला अभयराज, चौपनाकलां, प्यासी आदि मतदान केन्द्रों पर भाजपा के पन्ना प्रभारियों, बूथ समिति एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा प्रवासी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय विस्तारकों के कार्यों की समीक्षा कर लाभार्थी संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया तथा उनसे प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने एवं सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती डॉ लता वानखेड़े जी को विजयी बनाने हेतु अपील की एवं केन्द्र एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनहितकारी, जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह दांगी, भाजपा मण्डल देवपुर के मण्डल अध्यक्ष झारसिंह दांगी सहित भाजपा के पदाधिकारियो के उक्त ग्रामों के प्रवासी कार्यकर्ता, स्थानीय विस्तारकगण एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरोपीगण को 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो-दो हजार के अर्थदंड से किया दण्डित

रामसेवक मिश्रा अपर लोक अभियोजक



**अम्बाह।** अभियोजक ने प्रकरण में पैरवी कर बताया कि घटना दिनांक 04/02/15 के सुबह 8,9 बजे की है अभियोगी प्रतापभान सिंह तोमर के बेटे लक्षपाल सिंह का फलदान करने चित्रकूट से मेहमान आए उनके साथ नाश्ता चल रहा था उसी समय परिवार के भाई रघुनंदन कृष्णवीर , लोकेंद्र , धर्मेंद्र, रामवीर , भूपेंद्र, जसवंत, कौशलेंद्र, श्रीमति किरण, गीता, ज्योति, पूजा, रीता, रामवती, राजकुमारी, रोशनी आदि एकराय होकर आ गए इनकी मर्जी से रिश्ता नही हो रहा था इसकारण मेहमानों को मारना पीटना एवं उनसे गली गलौज करने लगे आरोपी कृष्णवीर ने घर में घुसकर पुष्पा के फरसा मारा एवं अन्य आरोपीगण ने लाठियों से मारपीट की थी उसके बाद आरोपीगण रिपोर्ट करने जाने का रास्ता रोके रहे फरियादी ने विलंब से जाकर पुलिस थाना अंबाह में रिपोर्ट की जिस पर से अपराध क्रमांक 85/15 धारा 452, 323, 294, 341, 506, 147,148, 149, 336 भा. द. वि. में पंजीबद्ध हुआ उक्त अपराध में न्यायालय द्वारा विचारण के दौरान आरोप विरचित कर साक्ष्य ली गई आरोप में 325 धारा का इजाफा किया गया विचारण के दौरान आरोपी जसवंत की मृत्यु हो जाने से शेष आरोपीगण के विरुद्ध प्रकरण में दिनांक 21/03/24 को निराकरण किया गया जिसमे धारा 325/149, 323/149, 147 में दोषसिद्ध मानकर दो दो वर्ष के सश्रम कारावास एवम 2-2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया शेष धाराओं में आरोप सिद्ध नहीं पाया गया।

अपर लोक अभियोजक
रामसेवक मिश्रा

## आबकारी आयुक्त द्वारा फिर की अवैध मदिरा की बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान

संदीप प्रधान उप संपादक
दैनिक पुष्पांजलि टुडे



कलेक्टर दतिया श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में जिला कंट्रोल रूम प्रभारी एवं व्रत प्रभारी टी आर वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही की गई

(1) रेखा पत्नी इंद्रपाल कंजर, उम्र 45 वर्ष, नि.राजीव नगर कब्जे से 5ली हाथ भट्टी मदिरा।

(2) भांडेर रोड इंदरगढ़ ,अज्ञात पर 20 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा।

(3) रानी पत्नी रघुवीर कंजर उम्र 35वर्ष नि झाड़ियां कंजर से 6ली.हाथ भट्टी मदिरा

(4)सतवती पत्नी कृष्णा कंजर उम्र 35वर्ष नि. झाड़ियां कंजर डेरा से 5ली. के कब्जे से हाथ भट्टी मदिरा

जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के अंतर्गत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए एवं कुल 36 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 7200/रुपए है उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्रीसंजय शर्मा श्री विकास पाठक वाहन चालक श्री अजय गौतमका सराहनीय योगदान रहा।

## नगरपालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया

खरगोन जिले से मुन्ना खान
ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे



नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एमआर निगवाल के निर्देशानुसार एवं नवागत स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित डामोर के मार्गदर्शन में 23 मार्च को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान के तहत बाजार क्षेत्र खंडवा रोड स्थित दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई कर पॉलिथीन जप्ती की गई। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए समझाईश दी। चालानी कार्रवाई के दौरान दरोगा प्रदीप गवते एवं आईईसी उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बोलेरो व शराब की 33 पेटियां की जप्त

### नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके ने की प्रेस वार्ता






पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके के मार्गदर्शन में शहर कोतवाली निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान द्वारा टीम बनाई गई जिसके द्वारा एक आरोपी को अवैध शराब का परिवहन करते हुये गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बोलेरो गाडी व देशी मदिरा सहित बीयर कैन की कुल 33 पेटियां जिसकी कुल मात्रा 324 लीटर,कुल 6 लाख 74 हजार रूपये का माल मशरूका जप्त किया गया ।

दिनांक 23/03/2024 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि अटेर रोड तरफ से एक व्यक्ति सफेद रंग की बोलेरो गाडी में अवैध शराब की पेटियां भरकर भिण्ड आने वाला है, उक्त मुखविर सूचना पर से इन्द्रा गांधी चौराहा के पास अटेर रोड बम्बा किनारे गुमटी के पास एक सफेद रंग की बोलेरो गाडी क्रमांक यूपी 75 क्यू 4589 आती दिखी जिसे फोर्स की मदद से घेरकर पकडकर वाहन को चैक करने पर उक्त बोलेरो गाडी मे 24 पेटी देशी मदिरा प्लेन के क्वाटरो की व 09 पेटी ब्लैक फोर्ट वियर कैन की जिसकी कुल मात्रा 324 लीटर है, पायी जाने पर उक्त शराब के संबंध मे चालाक से वैध दस्तावेज चाहे गये तो कोई दस्तावेज न होना बताया। उक्त वाहन चालक के कब्जे से शराब की कुल 33 पेटियां मय बोलेरो वाहन के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी विनय दीक्षित पुत्र दिनेश नारायण दीक्षित निवासी बड़पुरी थाना अटेर,हाल निवास जे के एम्पायर उत्सव वाटिका के पास अटेर रोड़ भिण्ड के विरूद्ध धारा सिटी कोतवाली भिण्ड मे अपराध क्रमांक 188/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**सराहनीय भूमिका-** निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान,एसआई देवीदीन अनुरागी,एएसआई दीपक सिंह तोमर,प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह यादव,जितेन्द्र सिकरवार, कुलदीप शुक्ला,आरक्षक सौरभ शर्मा, अभिषेक यादव,दीपक राजावत,रेणु रजक,विकाश कुमार,सुनील गर्ग, चालक विशाल सोनी की सराहनी भूमिका रही है।

## कलेक्टर-एसपी ने लिया डाँग वाली महामाई के दरबार मे चैत्र नवरात्रि में आयोजित होने वाले विशाल मेले की व्यवस्थाओं का जायजा

### स्थानीय प्रशासन को सुरक्षा एवं पेयजल को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज।** चैत्र नवरात्रि में श्री महामाई मंदिर पर आयोजित होने वाले पंद्रह दिवसीय विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं विशाल मेले के आयोजन की प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कलेक्टर बुधेश बैध ने महामाई सेवा समिति सदस्यों एवं जिला व तहसील स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यवस्था संबंधी बैठक ली। बैठक में न केवल उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया बल्कि पेयजल, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित भी किया।

शनिवार को जिला कलेक्टर श्री वैद्य पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के साथ सिरोंज के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डाँग वाली महामाई मंदिर पर पहुँचे। यहाँ पहुँचकर सर्वप्रथम उन्होंने माँ महामाई की पूजा अर्चना आरती की। इसके उपरांत उन्होंने मन्दिर प्रांगण में 5 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले मेले की तैयारियों के संदर्भ में प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम हर्षल चौधरी ने प्रशासन की ओर से प्रतिवर्ष उपलब्ध कराई जाने वाली व्यस्थाओं ओर तैयारियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि समिति द्वारा मेला आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संदर्भ में परंपरानुसार जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाई जाती है वह सभी पूर्ण की जा रही है। बैठक में प्रतिदिन मेले में आने वाले एवं भंडारे हेतु पर्याप्त पेयजल, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा शिविर सहित



सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल, आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के सुगमतापूर्वक आवागमन कौ लेकर भी दिशा निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नलिनीकांत शर्मा ने मंदिर समिति की ओर से अधिकारियों का चुनरी ओड़ाकर एवं महामाई मंदिर का चित्र भेंट कर सम्मान भी किया। बैठक का संचालन समिति के समिति के सचिव रमेश यादव एवं आभार संतोष चौरे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, एसडीओपी उमेश तिवारी, तहसीलदार संजय चौरसिया, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित संबंधित विभागों के जिला एवं स्थानीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## मंडला गांव में नवनिर्मित आईमाता वडेर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रित पत्रिका प्रदान की

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूरू। सीरवी समाज ट्रस्ट विजयपुरा देवनहल्ली आईमाता वडेर में शनिवार को सीरवी समाज ग्राम मंडला सोजत तहसील पाली जिले में शिखरबद्ध नवनिर्मित आईमाता वडेर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रित पत्रिका देकर निमंत्रण दिया। सीरवी समाज ट्रस्ट मंडला ग्राम के शेषाराम पंवार ने बताया कि शिखरबद्ध नवनिर्मित आईमाता वडेर की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन दिनांक 10 अप्रेल से 14 अप्रेल तक संत महात्माओं के सानिध्य में होगा। जिसकी तैयारियां जोरो पर चल रही है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चेनाराम पंवार, सचिव मदनलाल हाम्बड, छेलाराम सोलंकी, कुनाराम पंवार सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

## थाना रेंडर में लोक सभा चुनाव को लेकर थाना लहार और रेंडर की बॉर्डर मीटिंग संपन्न

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**लहार-** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ.असित यादव जी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक जी के निर्देशन पर थाना प्रभारी लहार निरीक्षक रविंद्र शर्मा द्वारा शनिवार को बॉर्डर थाने रेंडर(उ.प्र.) के साथ मिलकर चुनाव आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु व स्वतंत्र , निष्पक्ष निर्भीक,चुनाव संपन्न कराने हेतु बॉर्डर मीटिंग की गई।बॉर्डर मीटिंग में फरारी, इनामी, निगरानी बदमाशों/स्थाई वारंटीयो की धर पकड़ करने हेतु एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए जानकारियां साझा की गई।चुनाव से पूर्व बॉर्डर पर संयुक्त चेकिंग लगाने हेतु भी सहमति बनी।थाना रेंडर तथा थाना लहार पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अवैध मादक पदार्थों के परिवहन अवैध हथियारों के परिवहन को रोकने के लिए भी संयुक्त होकर काम करने पर विस्तार से चर्चा हुई।बॉर्डर मीटिंग में थाना प्रभारी रेंडर राजीव कुमार बैंस तथा थाना प्रभारी लहार रविंद्र शर्मा व दोनो थानो का स्टाफ भी मौजूद रहा ।



### दबोह नगर परिषद कर्मचारियों पर शासकीय राशि का गबन थाने में दर्ज हुई एफआईआर

## सम्बल योजना व कन्या विवाह योजना में गड़बड़ी करने का है मामला

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। नगर परिषद दबोह के नबागत सीएमओ प्रमोद बरुआ की शिकायत पर थाना दबोह में नगर परिषद में पदस्थ कर्मचारियों पर मामला दर्ज किया गया है।पुलिस थाने दबोह में दर्ज एफआईआर के अनुसार नगर परिषद दबोह के सी.एम.ओ के द्वारा एक टाईपसुदा लेखीय आवेदन क्र/दबोह/231/24 दिनांक 22.03.24 को पत्र पेश किया गया।जिसमे संबल योजना एवं कन्या विवाह सहायता योजना अंतर्गत अनियमितता एवं गड़बड़ी मे आरोपी श्री पवन सविता नगर पालिका कर्मचारी एवं राघवेन्द भदौरिया सहा. ग्रेड 3 नगर पालिका कर्मचारी के द्वारा शासकीय राशि मे गबन किया गया।जो कि अपराध धारा 420,409 भादड़वि का पाया जाने से उपरोक्त आरोपीगणों के बिरूध्द अपराध पजीवध्द किया जाता है।दरअसल कलेक्टर महोदय भिण्ड के आदेश क्रमांक/ क्यू/13/शिका./2024/1373/ भिण्ड दिनांक 09.02.2024 के पालन में शिकायत शर्ता द्वारा शिकायती आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग लहार जिला भिण्ड म.प्र. को प्राप्त हुआ था। जिसमे नगर परिषद दबोह द्वारा संवल योजना एवं कन्या विवाह सहायता योजनांतर्गत अपात्र व्यक्तियों के खाते मे राशि अंतरित कर गवन किया गया है,प्रश्नाधीन शिकायत के संबंध में दिनांक 07.06.2023 को तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग लहार जिला भिण्ड के द्वारा दिनांक 07.06.2023 को नगर पालिका परिषद दबोह के कार्यालय पहुंचकर शिकायत जाँच की गई तथा शाखा प्रभारी राघवेन्द्र सिंह भदौरिया सहायक वर्ग 03 नगर पालिका परिषद दबोह के कथन लेख बध्द किये गये तथा रिजवान खान ऑपरेटर एवं पवन सविता वार्ड प्रभारी नगर परिषद दबोह के कथन लेख बध्द किये गये।शिकायत जाँच में उपरोक्त कर्मचारियो के द्वारा बैंक बातो के संबंध में प्रथक प्रथक जानकारी दी गई।शिकायत मे बैंक खातो के संबंध में शाखा प्रबंधक यूको बैंक दबोह से लेखीय पत्र प्रस्तुत कर आहरित की गई राशि के संबंध में स्टेटमेन्ट लिया गया।




**यह हुई थी शिकायत**-1.पात्र व्यक्ति को कन्या विवाह के अन्तर्गत योजना का लाभ न देकर अन्य व्यक्ति के खाते मे योजना की राशि अंतरण कर गवन किया गया। बाता धारक विकाश शिवहरे खाता संख्या 10813211042136 यूको बैंक दबोह के खाते में 51000-51000/ रूपये दो बार दिनांक 30.03.2022 को शासकीय खाते से लाभानवित व्यक्ति के खाते में न जाकर वर्णित खाते के व्यक्तिगत खाते मे हेरा भेरी कर पैसे डाले गये बाद में नन्ने राजा यादव के मोबाइल के द्वारा दिनांक 30.03.2022 को खाते में पैसा प्राप्त किया गया। जो कि इस तर है। 9000/रूपये, 4000/ रूपये, 4000/रूपये जबकि विकाश शिवहरे के यहाँ कोई शादी नहीं हुई है। बैक से प्राप्त इस्टेटमेन्ट अनुसार खाता धारक विकाश शिवहरे खाता क्रमांक 10813211042136 मे एमपी विल्डिंग्स एड अदर्स द्वारा दिनांक 30.03.2022 को 5100-5100/रूपये कुल 1,02,000/रूपये जमा होने की पुष्टि होती है। एवं उक्त भुगतान की जाँच श्रम शेवा पोर्टल पर निकाय के लागिन से करने पर यही भुगतान आदेश क्रमांक 176608 एवं 176609 द्वारा उक्त खाते मे भुगतान होना पाया गया। संबल योजना के तहत दुर्घटना पर 04 लाख एवं सामान्य मृत्यु हो 02 लाख रूपये दिये जाते है। वर्णित योजना में खाता संख्या 10810110013700 यूको बैंक दबोह दुर्घटना के तहत 04 लाख रूपये एमपी विल्डिंग्स एड अदर्स भोपाल के द्वारा दिनांक 19.05.2022 को डाले गए इस संबंध में बैक से प्राप्त इस्टेटमेन्ट अनुसार खाता धारक सुरेन्द्र सोनी खाता क्रमांक 10810110013700 मे एमपी बिल्डिंग्स एड अदर्स भोपाल के द्वारा दिनाक 19.05.2022 को 04 लाख रूपये भेजा जाना अंकित है।जिसकी पुष्टि श्रम शेवा पोर्टल से भी गई है। जिसके अनुसार ई भुगतान क्रमांक 179052 द्वारा उक्त खाते में भुगतान होना पाया गया। सबल योजना के तहत नगर पालिका कर्मचारी पवन की माता जी के खाते में राशि भेजना खाता धारक गुड्डी पनि रणवीर खाता नं.10813211011255 में 04 लाख रूपये दिनांक 19.05.2022 को भेजे गए जो नगर पालिका दबोह में पदस्थ कर्मचारी पवन की माता जी के नाम से है जबकी बाता धारक यहाँ कोई मृत्यु नही हुई है। जिसके तहत वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार के प्रतिवेदन खाता धारक गुड्डी पनि रणवीर के खाता नं.10813211011255 मे एमपी विल्डिंग्स एड अदर्स भोपाल के द्वारा दिनांक 19.05.2022 को 04 लाख रूपये भेजा जाना अंकित है।जिसकी पुष्टि श्रम शेवा पोर्टल से भी गई है। जिसके अनुसार ई -भुगतान क्रमाक/179051 द्वारा उक्त खाते मे भुगतान होना पाया गया। खाता नम्बर 10810610004852 में दिनांक 19.05.2022 को 04 लाख रूपये एमपी विल्डिंग्स एड अदर्स भोपाल के 10810110000010 में 04 लाख रूपये दिनांक 19.05.2022 को एमपी विल्डिंग्स एड अदर्स भोपाल के द्वारा भेजा जाना बताया।

# रीवा NSUI ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को याद करते हुए मनाया

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** शहर के कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क में हस्द्ध जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में मनाया गया शहीदी दिवस वा शहीदों को याद करते हुए किया गया नमन,जारी प्रेस विज्ञप्ति में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया की हम सभी एनएसयूआई के साथियों के साथ एक संकल्प पत्र का वाचन करते हुए हम भारत के युवा शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की शहादत दिवस पर उन्हें याद करते हैं आजादी के तीनों नायक देशभक्ति प्रेम और सामाजिक भाईचारे की मिसाल है भगत सिंह ने एक सपना देखा था जिसके लिए वह फांसी चढ़ गए वह सपना था एक ऐसे भारत का जो नफरत से मुक्त



हो जहां सब बराबर हूं मौजूदा सरकार द्वारा एक तरफ सभी सरकारी संसाधनों को अडानी अंबानी के हाथों बेचा जा रहा है वहीं दूसरी तरफ अग्निपथ जैसी योजनाएं लेकर आई है जो देश की सुरक्षा और नौजवानों की भविष्य के साथ खिलवाड़ हम भारत के लोग आज भगत सिंह की शहादत दिवस पर यह शपथ लेते हैं कि हम करोड़ों युवाओं के सपने तोड़ने वाली अग्निपथ जैसे योजनाओं के खिलाफ लड़ेंगे 1.5 चयनित युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाली सरकार से लड़ते रहेंगे और अग्निपथ योजना रद्द कराकर रहेंगे यही संकल्प लेकर हम सब ने शहीदी दिवस मनाया है..इस अवसर पर हस्द्ध जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा,संगठन मंत्री शिवम मिश्रा, छात्र नेता नित्कर्ष मिश्रा, शोजल सिंह बघेल,राहुल पाल,ऋषभ,रमन शाकांत पांडे,शिवम पांडे हानि, सोधिया, सागर पांडे,आदि छात्र नेता मौजूद रहे,,,

# रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचंद्र डाड और पुलिस महानिरीक्षक महेंद्र सिंह सिकरवार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की ली बैठक

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**

*।बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये संसदीय क्षेत्र सतना में प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री एसपी पाण्डेय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना श्री अनुराग वर्मा, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड़, पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,अपर कलेक्टर मैहर श्री शैलेंद्र सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना श्री शिवेश सिंह,मैहर श्री मुकेश वैश्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।*




# बघेली महोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कर मां बेटी ने गुढ़ के साथ साथ जिले का नाम किया रोशन



**रीवा(पुष्पांजली टुडे )** ।जिला मुख्यालय रीवा के राजकपूर आंडिटोरियम में आयोजित बघेली महोत्सव का तीसरा सोपान 2024 22 मार्च से कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में प्रारंभ हुआ जिसमे बघेली व्यंजन प्रतियोगिता के साथ बघेली लोक गीत प्रतियोगिता प्रातः 11ः00 से और लोक नृत्य प्रतियोगिता दोपहर 2ः00 से तथा दूसरा चरण 6ः00 से प्रारंभ हुआ जिसमें सबसे पहले उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का अभिनंदन यूट्यूब चैनल 35 के कलाकारों की व अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियां बघेली नृत्य कलाकारों का सम्मान शामिल रहा जिसमे मनगवां विधायक नारेन्द्र प्रजापति द्वारा कष्टहरनाथ नगरी गुढ़ बार्ड 12 निवासी बघेली तीन पांच कलाकार एवं बघेली लोक गायिका श्रीमती उर्मिला कृष्णदत्त तिवारी को बघेली लोक गीत के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान पर पहला स्थान एवं बघेली लोक गायिका 13 वर्षिय पुत्री कु. राधा तिवारी को बघेली लोक गीत पर बघेली रत्न एवं सम्मान पत्र से प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किए जाने से तिवारी परिवार ही नही बल्कि गुढ़ नगर क्षेत्र के साथ साथ जिला व प्रदेश गौरन्वित हुआ है वही मां और बेटी के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गुढ़ नगर के लोगो सहित पत्रकार विकास परिषद के प्रदेश महासचिव इन्द्रभान उपाध्याय, राजभान उपाध्याय, इन्द्रपाल उपाध्याय, अनंत कुमार गुप्ता, विकाश तिवारी, शिवेश चतुर्वेदी, इसराइल खांन, रामकलेश पाण्डेय, सनत कुमार शुक्ला, गीता तिवारी, रसीद खांन, रहीश अग्निहोत्री, धीरु शुक्ला सहित नगर के समाजसेवी राजकुमार मिश्रा, राजकपूर मिश्रा, महेन्द्र उपाध्याय, दिनेशनारायण पिडिहा, श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, बीरबहादुर सिंह द्वारा शुभ कामनाएं देते हुए आगे उज्वल भविष्य की कांमना किए।

# बदवार में गौवंशो के ऊपर हुए अत्याचार व गायो की मौत के विषय में गुढ़ थाना प्रभारी से चर्चा किए गौ :सेवक

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

अखिल भारतीय गौसेवा समिति रीवा मध्यप्रदेश के संरक्षक गौ्वत्स राधामोहन जी महाराज अपनी पूरी टीम के साथ बदवार में गौवंशो के ऊपर हुए अत्याचार एवं गायो की मौत व बाउन्ड्री के अन्दर मिले गौः कंकाल के विषय में आज गौः सेवको ने गुढ़ थाना पहुंच कर थाना प्रभारी श्री हरिशंकर तिवारी जी से चर्चा किया और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने को लेकर मांग की।पुलिस प्रशासन और गुढ़ थाना प्रभारी श्री तिवारी जी ने गौः सेवको का समर्थन करते हुए कहा है की हम हमेशा आपके साथ हैं। और उक्त मामले की कडाई के साथ जांच शुरू कर दी गई है वही अपराधियो को कतई नही बक्सा जायेगा। इस मौके पर गुढ़ थाना प्रभारी श्री हरिशंकर तिवारी जी से चर्चा के दौरान् क्क्तस गौ्सेवा टीम के गौवत्स राधा मोहन जी महाराज, लकी सोनी , बिकर्श उपाध्याय, बालेंद्र दुबे, सौरभ मिश्रा, रजनीश सेन, अमित अवस्थी, और मोहित उपाध्याय उपस्थित रहे।



**सड़क निर्माण एजेन्सी व ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा भुगत रहा वि. वि. केन्द्र गुढ**

# सड़क निर्माण के पहले विभाग द्वारा लाईन सिप्टिंग करने का दिया था निर्माण एजेन्सी व ठेकेदार को आदेश

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** आपको बता दे कि इस समय पर गुढ़ विद्युत वितरण केन्द्र अंतर्गत गुढ़ नगर के अंदर सहित कई मार्गो का निर्माण कार्य चालू है लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण ठेकेदार द्वारा बिजली के खम्हो को सिप्टिंग न कराए जाने से किसी बड़े हादसे का आमंत्रण है गुढ़ वि. वि. केन्द्र कनिष्ठ्यंत्री रमाशंकर पाठक ने बताया कि सडक निर्माण में बाधा बनने वाले खम्हो की सिप्टिंग हेतु निर्माण होने के पहले ठेकेदारो को आदेशित कर दिया गया था लेकिन ठेकेदारो ने खम्हो की बिना सिप्टिंग कराए ही निर्माण शुरू कर दिया तथा सडक निर्माण के दौरान ही एक अज्ञात यात्री से भरी बस खम्हे की हाईट नीची होने के कारण 20/3/024 को टकरा गई जिससे एक बड़ी दुर्घटना घटित होने से बच गई तथा अज्ञात ट्रक से 20 तारीख को ही विभाग के 2 नग 11 केव्हीए का पोल छतिग्रस्त कर दिया गया और आज 23 तारीख को एल टी तार तोड दिया गया जिसकी लिखित शिकायत जिला कलेक्टर, मुख्य अभियंता, अधिक्षण यंत्री रीवा, अनु विभागीय अधिकारी गुढ़, तहसीलदार गुढ़, थाना प्रभारी थाना गुढ़ को कार्यवाही हेतु सौपा गया तथा संविदाकार मेसर्स प्रबंधक रिमार्क, इलेक्ट्रॉन प्रायवेट लिमिटेड निराला नगर रीवा को निर्देशित किया गया कि तत्काल लाइन सिप्टिंग का कार्य करे बाद अपना कार्य आगे बढ़ाये।

# टशन दिखाने बीच सड़क पर धारदार तलवार से काटा केक, अब पुलिस देगी बर्थडे का हैप्पी गिफ्ट

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

साई मंदिर के समीप पार्किंग स्थल पर युवकों ने कुछ अलग ही अंदाज में अपने दोस्त का बर्थडे सेलीब्रेट किया. उन्होंने स्कूटी की सीट पर केक रखा, मोमबत्ती जलाई. इसी दौरान बर्थडे बॉय के एक साथी ने केक काटने के लिऐ उसे तलवार थमा दी. युवक ने तलवार से केक काटा जिसका वीडियो उसके दोस्तों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया. युवकों ने लाइक और कमेंट्स लेने के लिए उसी वीडियो को फेसबुक पर अपलोड कर दिया. वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस की नजर पड़ गई. पुलिस अब तलवार से केक काटकर बर्थडे सेलीब्रेट करने वालों की तलाश कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में जुटी हुई है.

**तलवार से काटा केक, वीडियो हुआ वायरल**–लोकसभा चुनाव के चलते जिले भर में आचार संहिता लागू है. हर तरह की संदिग्ध गतिविधियों में पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है. इसके बाबजूद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. तलवार से केक काट कर उसका वीडियो बनाना और सोशल मीडिया पर पोस्ट करना युवकों को अब भारी पड़ने वाला है. दो दिन पूर्व अरविंद नामदेव के फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो अपलोड हुई थी. साई मन्दिर के समीप वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े होकर कुछ युवक अपने दोस्त का बर्थडे सेलीब्रेट कर रहे थे. इसी दौरान एक युवक ने बर्थडे बॉय को एक तलवार निकाल कर दी जिसके बाद बर्थडे बॉय ने तलवार से केक काटा. जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है.

# 40 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर किया दांपत्य जीवन में प्रवेश

कोरिया /मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के एसईसीएल क्लब ग्राउंड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के 40 जो?ें ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह और जिले के जनप्रतिनिधियों ने सामुहिक विवाह कार्यक्रम नव वर-वधु को खुशी, समृद्धि एवं सफल दाम्पात्य जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या के विवाह के लिए 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान



की जाती है। इसमें 8 हजार रूपये विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन पर, 6 हजार रूपये मंगलसूत्र, वर-वधु के कपड़े, श्रंगार सामग्री चुनरी, साफा, 21 हजार रूपये वधू को ड्रॉफ्ट या बैंक खाते के माध्यम से भुगतान तथा 15 हजार रूपये अन्य उपहार सामग्री के लिए दिए जाते हैं।इस अवसर पर एसडीएम बैकुण्ठपुर श्रीमती अंकिता सोम, तहसीलदार बैकुण्ठपुर श्रीमती अमृता सिंह, एवं जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वन्दना राजवाडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती आशा महेश साहू सहित जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री मनोज कुमार खलखो, परियोजना अधिकारी श्रीमती सरस्वती डे तथा समस्त पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकताओं की उपस्थिति में वर-वधु को आशीर्वाद देकर विवाह कार्यकम सम्पन्न हुआ।

# उप निदेशक कल्याण की अध्यक्षता में आवासीय विद्यालयों (सत्र 2024-25) में नामांकन हेतु लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर प्रमंडलीय स्तरीय बैठक की

**बैठक में परिक्षा को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारीयों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश ।**

दुमका । शुक्रवार को अमित कुमार उप निदेशक कल्याण, संताल परगना प्रमंडल की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के आवासीय विद्यालयों (सत्र 2024-25) में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदनों के आलोक में लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर कर जिला कल्याण पदाधिकारीयों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में बताया गया कि 17 मार्च 2024 को होने वाले वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु लिखित परीक्षा के लिए संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत कुल 14 परीक्षा सेन्टर बनाए गए हैं। दुमका में 6, जामता?ा में 1, देवघर में 1, गोड्डा में 1 एवं साहेबगंज में 5 केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा दिनांक 17.03. 2024 को 11 बजे पूर्वाह्न से 1ः30 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। परीक्षा हेतु नोडल पदाधिकारी संबंधित जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी नामित हैं। बैठक में उप निदेशक ने पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शुरू होने के एक घण्टा पूर्व प्रश्न पत्र/शीट/परीक्षा से संबंधित अन्य सामग्री, प्राधिकृत पदाधिकारी/कर्मी के माध्यम से अचूक रूप से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।*परीक्षा के उपरांत सीलबंद शीट एवं उपस्थिति पत्रक दिनांक 17.03.2024 को ही अपने-अपने ि?ला के कोषागार में ससमय जमा करना सुनिश्चित किया जाए।*उन्होंने कहा कि दिनांक 17.03.2024 को द्वारा सिविल सेवा हेतु परीक्षा भी ली जा रही है। अतः विशेष निगरानी एवं सतकर्ता बरतते हुए आवसीय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रश्न पत्र एवं ह्रस्क्रशीट को परीक्षा केंद्र में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।* दिनांक 16.03.2024 को परीक्षा केंद्रों पर स्वयं जाकर तैयारियों का जायजा लेना सुनिश्चित करेगें।*

परीक्षा केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था यथा- प्रकाश, पेयजल, आवश्यक संख्या में बेंच/डेस्क आदि सुनिश्चित किया जाए।केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को स्पष्ट रूप से निदेश दिया जाए कि सभी परीक्षार्थियों के ह्रस्क्र शीट में अनुक्रमांक एवं अन्य विवरणी अंकित कराने में सहयोग करेंगे।परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सुनिश्चित हो।बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, दुमका/देवघर /गोड्डा /जामताड़ा /साहेबगंज राजेश कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, सौरभ कुमार तिवारी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, विधान चक्रवर्ती एवं सहायक तकनीकी पदाधिकारी, आयुक्त कार्यालय, दुमका उपस्थित थे।

# बिहार के मधुबनी लोकसभा से सांसद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरेंगे श्री शीतला माता सेवा धाम के अध्यक्ष एवं महंत मुकेश महाराज

**नई दिल्ली।** भारतीय मतदाता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे सरोज जी ने लोकसभा के उम्मीदवारों की चयन की प्रक्रिया के तहत कोर कमेटी के पदाधिकारी के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में लोकसभा के प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया को गति प्रदान करते हुए लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार की घोषणा करना प्रारंभ कर दिया है नई सूची में उम्मीदवारों का नाम बढ़ता जा रहा है।उन्होंने बताया कि भारतीय मतदाता महासभा कई पत्रकार संगठनों एवं सामाजिक संगठन तथा राजनीतिक पार्टियों के महागठबंधन के तहत पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के अधिकार सम्मान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा नागरिक पत्रकारिता की स्थापना एवं देश के प्रत्येक नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में धर्म एवं अधर्म के बीच एक बड़े महाभारत का महायुद्ध होगा।उन्होंने कहा कि बिहार के




मधुबनी लोकसभा सीट से श्री शीतला माता सेवा धाम सिकंदरपुर एवं चंधासी अध्यक्ष एवं आश्रम के महंत भारतीय मीडिया फाउंडेशन सांस्कृतिक फोरम के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री मुकेश महाराज जी को लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भारतीय मीडिया फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सत्यदेव पांडेय जी एवं भारतीय मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव भोला ठाकुर को गौतम बुद्ध नगर से लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया गया है।उन्होंने कहा कि इसी सप्ताह अन्य कई लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार के नाम की सूची घोषित की जाएगी।उन्होंने बताया कि भारतीय मतदाता महासभा की कोर कमेटी के निर्णय अनुसार लोकसभा कि सभी सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए जाएंगेभारतीय मतदाता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम आसरे जी ने कहा कि 20 मार्च तक समान विचारधारा की राजनीतिक पार्टियों के साथ भारतीय मतदाता महासभा के महागठबंधन की घोषणा भी की जाएगी।उन्होंने कहा कि महा मोर्चे का एक नाम भी घोषित किया जाएगा।

# झुके हुए खंभे,लटकते तार गारंटी दुर्घटना की देते बार-बार।



मीरजापुर। जनपद के नारायनपुर एवं जमालपुर विकास खण्ड में बिजली सप्लाई की व्यवस्था इतनी जर्जर है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता।निश्चित तौर पर जर्जर हो चुके तार-खंभे किसी भी बड़े दुर्घटना की शत् प्रतिशत गारंटी है।अहरौरा, भुइली, जमालपुर, नारायनपुर आदि फीडरों से बिजली सप्लाई की व्यवस्था बहुत ही खराब है, जगह-जगह बिजली के खंभे झुक हुए है, तार काफी पुराने व कमजोर होकर लटक गये है, बहुत सारे लोगों के मकानों के उपर से हाई-वोल्टेज के तार गुजरे हुए है, छतों पर हाथों से तार छु जाने का डर बना रहता है।किसानों के खेतों में तार-खंभे इस तरह से लटके पड़े हैं कि उनको अपना ट्रेक्टर आदि लें जानें में, जुताई-बुवाई करने में काफी परेशानी होती है।जर्जर तार खंभों की वजह से गर्मी के दिनों में अक्सर तार टूट कर खेतों में गिर जाते हैं, जिससे गर्मियों में आये दिन आगजनी की घटनाएं होती रहती है, अक्सर किसानों-मजदूरों को ही आगजनी का खामियाजा भुगतना पड़ता है।अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित क्षेत्र के प्रभात सिंह, दुधनाथ यादव,प्रहलाद सिंह,रमेश सिंह, अजय सिंह,राम आसरे सिंह, दिग्विजय सिंह, अमीत सिंह, विनोद सिंह, उमेश द्विवेदी,मनोज सिंह,दुधनाथ गुप्ता, शैलेन्द्र मौर्य, विपीन सिंह, रामराज सिंह आदि लोगों द्वारा मांग किया गया कि जमालपुर, अहरौरा, नारायनपुर, चुनार आदि फीडरों से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित विद्युत आपूर्ति के लिए तत्काल जर्जर तार-खंभों को बदलने की जरूरत है,जिससे गर्मी के दिनों में सुरक्षित एवं प्रर्याप्त बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जा सके।

# भागीदारी पार्टी पी के तत्वाधान में अहरौरा में जनसभा हुआ संपन्न।

## धूमधाम से मनाया गया बहुजन नायक मान्यवर कांशी राम जी की जयंती ।



मिर्जापुर। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए चुनावी रणनीति अपनाते हुए कई पार्टियों ने अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लिए नुक्कड़ सभा, जनसभा या पब्लिक के बीच में जाकर कर जनसंपर्क का कार्य कर रहे हैं, परंतु भागीदारी पार्टी पी की कारवां भारत के 13 राज्यों में फैल चुका है उसी क्रम में उत्तर प्रदेश के बिना धाम में मिर्जापुर की धरती पर अहरौरा नगर में आज भागीदारी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बहुजन नायक कांशीराम जी का जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रेमचंद प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष (भागीदारी पार्टी- पी ) द्वारा काशीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में आए हुए अन्य अतिथियों का पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत भी किया जिसमें विशिष्ट अतिथि राजकुमार विश्वकर्मा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- भागीदारी आंदोलन मंच), सोमनाथ प्रजापति प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं चंदौली सांसद प्रत्याशी, महेश प्रजापति प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पार्टी के राष्ट्रीय फाउंडर मेंबर, डॉ दिलीप कुमार चक्रवर्ती जिला अध्यक्ष मिर्जापुर, नंदलाल प्रजापति जिला अध्यक्ष सोनभद्र, शशिकांत प्रजापति जिला अध्यक्ष चंदौली, गोविंद प्रजापति जिला उपाध्यक्ष मिर्जापुर, राजकुमार भारतीय जिला उपाध्यक्ष मिर्जापुर एवं मिर्जापुर सांसद प्रत्याशी, महिला मोर्चा से सुमन प्रजापति किस कुसुम गिरी, आंचल भारती, भगवानी एवं अन्य तिथियां का स्वागत बंधन अभिनंदन पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सुंदर पुष्पहार एवं अंग वस्त्र देकर किया गया। वहीं पर कार्यक्रम के संबोधन में मुख्य अतिथि प्रेमचंद प्रजापति ने कहा कि मिर्जापुर जनपद से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में राजकुमार भारती को प्रमुखता देते हुए चुनाव मैदान में उतर जा रहा है जिसमें सभी साथियों सभी कार्यकर्ताओं उपस्थित सभी जनमानसों का तन मन धन से सहयोग चाहिए और हम आशा करते हैं कि आप सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत से लगकर जनपद के प्रत्येक ब्लॉकों में जाकर गांव-गांव में जाकर जनसंपर्क कर राजकुमार भारती का सहयोग करें। वहीं पर उन्होंने अभी कहा कि अपने-अपने बूथों को मजबूत बनाएं और अधिक से अधिक संख्या में अपने बूथ से राजकुमार भारती को वोट दिलाए। इस मौके पर जनपद के सभी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता गण के साथ-साथ नगर के सैकड़ो जनमानस मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने किया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण, निर्धारित समय से एक घण्टे बाद तक भी नहीं पहुंचे थे दफ्तर 21 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस

बिलासपुर,। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज पुराने कम्पोजिट बिल्डिंग में संचालित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजी जब्त कर सबकी हाजिरी लगाई। दफ्तर शुरू होने के समय से लगभग एक घण्टे बाद भी 21 अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। ब?ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है।निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारी-कर्मचारियों में पी.दासरथी सहायक संचालक, डॉ.



अनिल तिवारी सहायक जिला परियोजना अधिकारी, रघुवीर प्रसाद राठौर सहायक संचालक योजना, चन्दभान सिंह ठाकुर कार्यक्रम समन्वयक, रामेश्वर जायसवाल कार्यक्रम समन्वयक, मुकेश पाण्डेय कार्यक्रम समन्वयक, राजूकुमार बैगा कम्प्यूटर ऑपरेटर, एके भीमटे प्र. मुख्य लिपिक, माधव तिवारी सहायक ग्रेड दो, सूर्य प्रकाश कश्यप सहायक ग्रेड दो, हेमन्त शर्मा क.ले.प., सुनील कुमार यादव क.ले.प, विजय यादव सहायक ग्रेड 3, आकाश तिवारी सहायक ग्रेड 3, अमित यादव सहायक ग्रेड 3, जसपाल कौर व्याख्याता, प्रभात गुप्ते प्र.सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, वंदना वर्मा कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रांजल सिंह सहायक ग्रेड 3, जीवन लाल यादव भृत्य और नवमीत गुप्ता भृत्य शामिल हैं।


# आत्मानुभूति वह सुंदर अवस्था है जिससे चैतन्यरूपी आनंद का प्रवाह होता है।

भारतीय दर्शनशास्त्र समूचे विश्व में आध्यात्मिक ज्ञान के लिये -प्रसिद्ध है। प्राचीन काल से अनेक देशों के विद्वान भारत में पहुँचे और इस योग भूमि में आकर उन्होंने अध्यात्मिकता की जड़ें खोज निकाली। उस अध्यात्मिकता का सार है आत्मतत्व। हम सभी एक ही चेतनतत्व से बने हैं। परम-पूज्य श्रीमाताजी प्रणित सहजयोग हमें हमारे चेतनतत्व से ,आत्मतत्व से, ही परिचित कराता है। सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक इस ज्ञान को अपने मज्जा तंतु पर जानता है। प. पू. श्रीमाताजी कहते हैं, आत्मानुभूति एक सुंदर अवस्था है। जब आपको आत्मबोध हो जाता है, तो आपका पूरा तन, मन, सबकुछ एकीकृत हो जाता है और इसके बाद आप जो कुछ भी करते है, वह आनंद प्रवाहित करता है। इसलिये जब आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति लिखता है तो वह चैतन्यरूपी आनंद उसकी लेखनी में



आता है, मूर्ति बनाता है तो वह मूर्ति चैतन्यित हो जाती है,अगर वह बीज बोता है तो है उसकी खेती की सारी फसल चैतन्य से आंदोलित होती हैं । अब यह सब बहुत विलक्षण है। यह एक मात्र चीज है, जिसे आपको हासिल करना है,बेकार के चमत्कारों में की ओर आकर्षित न हों। अपने आत्मा के चमत्कारों को माँगे । जब आत्मा की अभिव्यक्ति होती है तब आप आश्चर्यचकित हो जायेंगे कि आप कितना सुंदर महसूस करते हैं, और कितनी सुंदरता से आप इसे कार्यान्वित करते हैं।हमारे सारे उपनिषद् इस आत्म तत्व का ही चिंतन और मनन करते हैं। इसे सहजयोग ध्यान की अनुभूति से जाना जा सकता है। उपनिषद्कार कहते हैं, सर्वे भवन्तु सुखिनः अर्थात, इस पृथ्वीतल पर विराजमान सभी मानव सुखी, निरामय और आनंदपूर्ण बनें। उनके तीनों तापों की अर्थात, अधिदैविक ,अध्यात्मिक और अधिभौतिक तापों की निवृत्ति हो जाये ,और वे दुःख के भागीदार न बने। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तब वह साधक आदिशक्ति स्वरुपिणी माँ कुंडलिनी के प्रकाश में अपने आपको जानने लगता है। नियमित ध्यान से यह शक्ति उसके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पीड़ा का शमन करती है। आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति को सभी प्रकार की आपदाओं से भी बचाया जाता है, दिनों-दिन उसका चित्त आत्मसाक्षात्कार के आनंद मे तल्लीन होकर वह बहुत गुणात्मक और उच्च कोटि का आध्यात्मिक जीवन व्यतीत करता है। आपको भी अगर इस आनंद का एक भाग बनना है ,तो आज ही सीखें सहजयोग ध्यान ।सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है।

# पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ता के अधिकार,सम्मान,सुरक्षा हेतु भारतीय मीडिया फाउंडेशन ने लोक सभा चुनाव में अपना प्रत्याशी खड़ा करेगा



*भारतीय मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक एके बिंदुसार ने कहा कि लोकसभा के चुनावी मैदान में धर्म एवं अधर्म के बीच होगा महासंग्राम।पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के अधिकार सम्मान सुरक्षा के सवाल पर लोकसभा के सभी सीटों पर सांसद प्रत्याशी खड़े किए जाएंगे।नई दिल्ली-भारतीय मीडिया फाउंडेशन नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय से जारी बयान में भारतीय मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक एके बिंदुसार ने कहा कि अब पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के अधिकार सम्मान सुरक्षा के सवाल पर उन्हें संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए भारतीय मीडिया फाउंडेशन एवं भारतीय मीडिया फाउंडेशन की सहयोगी पत्रकार एवं मीडिया संगठनों ने तथा सामाजिक संगठनों ने कमर कस लिया है उन्होंने कहा कि भारतीय मतदाता महासभा के बैनर तले उसके समर्थन से समस्त लोकसभा सीटों पर सांसद उम्मीदवार खड़े किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि भारतीय मीडिया फाउंडेशन पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का राष्ट्रीय ब्रांड संगठन है जो लगातार 6 वर्षों से पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद करता चला आ रहा है पहले ही यह ऐलान किया गया था कि लोकतंत्र में पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी भागीदारी लोकसभा राज्यसभा विधानसभा एवं विधान परिषद में सुनिश्चित कराई जाएगी तभी भारत देश विकसित राष्ट्र बनेगा तभी सशक्त भारत का निर्माण हो पाएगा।उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी इस पर किसी भी राजनीतिक पार्टी के लोगों ने विचार नहीं किया सरकारें आई और चली गई सिर्फ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को लोरिया सुनाई गई और मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए गए लेकिन अब देश का पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता नागरिक पत्रकारिता की स्थापना करने एवं मीडिया सरकार बनाने की रणनीति के तहत दृढ़ संकल्पित है।उन्होंने समस्त पत्रकार बंधुओ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सामाजिक संगठनों एवं मीडिया तथा पत्रकार संगठनों के लोगों से अपील किया है कि अब आप इस महासंग्राम में भारतीय मतदाता महासभा का साथ दें।उन्होंने भारतीय मतदाता महासभा को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि जिस भी महा गठबंधन का ऐलान होगा उसमें राजनीतिक पार्टियों को भी शामिल किया जाएगा जो भी क्षेत्रीय राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियां इस धर्म एवं अधर्म के महाभारत के युद्ध में धर्म के साथ खड़ा होना चाहते हैं उनका जोरदार स्वागत है।*

# नौजवानो! किसी भी कीमत पर चरित्र को गिरने मत देना, व्यभिचारी प्रभु का भजन नहीं कर सकता

## प्रेमियो! अपने अंदर प्रभु की ताकत ले आओ जिससे आपकी वाणी में शक्ति आ जाय

लखनऊ (ऊ.प्र)वख्त के महापुरुष, पूरे समर्थ सन्त सतगुरु,दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि तन मन को करता कौन खराब, अंडा मछली मांस शराब। इसको जब लोग छोड़ देंगे तो सतयुगी गुण धीरे-धीरे आने लगेंगे, बुद्धि सही हो जाएगी। आप प्रेमियों! मत खाना, आप लोगों को छुड़वाओ, प्रचार भी करो, कोई न माने तो पैर छू लो नहीं तो हाथ जोड़ो लोगों से। हाथ जोड़कर विनय हमारी, तजो नशा बनो शाकाहारी। छोड़ो पर व्यभिचार बनो ब्रह्मचारी, सतयुग लाने की करो तैयारी।

**हाथ जोड़कर पैर छूकर लोगों को मना लो**-लेकिन आप अगर ऐसे रहोगे, खुद खाओगे और दूसरों को मना करोगे, खुद अपनी जगह गलत रहोगे और दूसरे को सही करने की कोशिश करोगे, खुद अपने परिवार बच्चों को नहीं समझा पाओगे तो दूसरे को कैसे समझा सकते हो? इसलिए अपने को खुद इस लायक बनाओ कि आपकी वाणी में शक्ति आवे, आपकी



आवाज कोई सुने, उसको वह समझ जाए, इस तरह की ताकत अपने अंदर ले आओ, जिससे प्रभु की दया उतरने लग जाए, आपके मुंह से ऐसी आवाज निकले कि उससे वह प्रभावित हो जाए। बराबर इस चीज का सब लोगों का ध्यान रखना है।

**चरित्र गया तो समझ लो एक तरह से नंगे की तरह हो गए**-मांस, मछली, अंडा, शराब मत खाना-पीना और दूसरी औरत के साथ बुरा मत करना। बहुत बड़ा पाप लगता है। व्यभिचार करने वाला भजन नहीं कर सकता है, चाहे औरत हो या आदमी। व्यसनी धन नही शुभ व्यभिचारी, सेवक सुख नही मान भिखारी। व्यभिचारी को शुभ गति मिलती नहीं है, उनके लिए नर्क का रिजर्वेशन हो गया, टिकट कटा हुआ है। नरकों में तो यातना भुगतनी ही पड़ेगी, इसलिए नौजवानो! किसी भी कीमत पर अपने चरित्र को गिरने मत देना-

अगर चरित्र चला गया तो समझ लो नंगे हो गए, सारे कपड़े, आभूषण आपके उतर गए। देखो बच्चियो! समझ लो। कितना भी ब?िया गहना कपड़ा पहने हो लेकिन यह चीज एक तरह से उतर गई, जिस चीज को ढकने के लिए आपने इसको पहन रखा है, तो समझो आपके पास क्या रह गया? इसलिए इस बात का सब लोग ध्यान रखना।

बाजार की मिलावटी चीजों को खाने के दुष्परिणाम-मैं देख रहा हूं, लड़के और लड़कियों में चंचलता बहुत बढ़ती चली जा रही है। हाथ, पैर, आंख, कान सब चंचल हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण है- जैसा खावे अन्न, वैसा होवे मन। जैसा पियो पानी वैसा होए वाणी।। यह खाने पीने वाली चीजों में मांस, मछली, अंडे का असर जिससे यह सारी इंद्रियां चलायमान हैं, इनसे बचो। आपको जिन कामों को मना किया है, इनको मत करना।



## एसएसटी प्वाइंट भानगढ चौराहे पर वाहन चैकिंग में 178500/- रुपये राशि की जप्त

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी  अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय  संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर लागू चुनाव आचार संहिता के दौरान थाना सुभाषपुरा के भानगढ एसएसटी प्वाईन्ट पर थाना सुभाषपुरा पुलिस के द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर एमपी. 08.सीए.9528 को रोका गया जिसकी गाडी को चैक किया गया एक स्विफ्ट डिजायर की डेस्क वोर्ड की डिक्की से एक लाख अठ्तर हजार पांच सो रुपये निकले, कार चालक से नाम पता पूछा तो अपना नाम मोनू किरार पुत्र लक्ष्मीनारायण किरार उम्र 28 साल निवासी न्यू किरार कालोनी सागर ताल ग्वालियर मोनं. 8103658635 का होना वताया, जिससे एक लाख अठ्टतर हजार पाँच सो रुपये (178500/- रु.) नकदी  के वारे में पूछताछ की तो मोनू किरार के व्दारा किसी प्रकार का रुपये रखने के बारे में वैंक स्टेटमेंट व कागजात पेश नही किये जो थाना सुभाषपुरा पुलिस और एफएसटी दल द्वारा उक्त कार चालक मोनू किरार के कब्जे  से 1,78,500/ जप्ती की कार्यवाही कराई गई।

## पूर्व नपाध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह के भाई स्वर्गीय धनीराम कुशवाह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मन्नालाल कुशवाह के भाई स्वर्गीय धनीराम कुशवाहा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे केंद्रीय मंत्री और भाजपा के गुना शिवपुरी लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके निज निवास गौतम विहार कॉलोनी पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाहा के भाई स्वर्गीय धनीराम कुशवाह को श्रद्धांजलि अर्पित की और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के परिवार से मिलकर उनको इस शोक की  घड़ी में हिम्मत और साहस का परिचय देने के लिए कहा इस मोके पर श्रीमंत सिंधिया जी ने पूरे परिवार से मिलकर उन हाल जाना जिसके बाद परिजनों के साथ बैठ कर वार्तालाप कर परिवार जनों को साहस का परिचय देने का आग्रह किया जिसके बाद स्वर्गीय श्री माधव राव सिंधिया जी को भी पुष्प अर्पित किये इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष के सभी परिवार जन मौजूद रहे साथ ही कुशवाह समाज के वरिष्ठजन और सहयोगी भी मौजूद रहे।  इसके साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मन्नालाल कुशवाहा ने बताया की आने वाली 27 तारीख को श्रीमंत साहब के द्वारा कुशवाहा समाज की एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त कुशवाहा समाज द्वारा श्रीमान साहब का स्वागत किया जाएगा और सभी वरिष्ठ जनों से अपील की,कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## 40 लीटर अवैध हाथभट्टी की कच्ची शराब जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी  अमन सिंह राठौड द्वारा लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब के विक्रय को रोकन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो  अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक  संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में आज दिनांक 22.03.24 को आदिवासी मोहल्ला ठकुरपुरा से अवैध कच्ची शराब विक्रय करने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली टीआई रोहित दुबे, की टीम बनायी जाकर आदिवासी मोहल्ला ठकुरपुरा मे जाकर कार्यवाही की, जहां कुल 40 लीटर कच्ची शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधीनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।
**सराहनीय भूमिकाः** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली रोहित दुबे, सउनि महेन्द्र सिंह कुशवाह, सउनि आविद खांन, प्रआर0 374 गजेन्द्र सिंह, आर. 248 भोले सिंह राजावत एवं प्रआर. चालक 78 इन्द्रपाल सिंह, की विशेष भूमिका रही।

## पोहरी विधानसभा में जिन ग्रामीणों का बिल जमा है उनकी लाइट न काटी जाए: विधायक कैलाश कुशवाह

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- पोहरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीणजनों द्वारा पोहरी विधायक को अवगत कराया गया है कि विद्युत विभाग द्वारा बिल जमा होने के बाद भी लाइट काटी जा रही है जिन ग्रामो मैं तीन व चार लोगों का बिल जमा न होने पर सभी ग्रामीणजनों की लाइट काट दी जाती है। जिस कारण से क्षेत्र के लोगों व जानवरों को पानी की समस्या बनी हुई है ग्रामीणजनों की मूलभूत समस्याओं एवं फसल और होली के पर्व को देखते हुए सभी की लाइट न काटी जाये इस संबंध में पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने तुरंत जिला कलेक्टर को फोन लगाया और कहा कि ग्रामीणों को इस समस्या  से जल्द निजात दिलाई जाए  एवं जिन ग्रामीणजनों का बिल जमा है उनकी लाइट को शीघ्र जोड़ा जाए और नियम पूर्वक कार्यवाही की जाए।

### मारपीट करने बाले एवं लायसैंसी बंदूक लेकर चाचा के साथ झगड़ा करने वाले दो साथियों के विरूद्ध कार्यवाही कर

# 01 लायसैंसी बंदूक ब 40 जिंदा राऊन्ड कीमती 01 लाख 20 हजार रूपये को जप्त किया

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

करेरा , फरियादी हरज्ञान सिंह गुर्जर पुत्र पहलवान सिंह गुर्जर उम्र 45 बर्ष नि. ग्राम हाजीनगर हाल शिवम विहार कालोनी टीला रोड करैरा ने उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि दिनांक 23.03.2024 के दिन करीवन 12 बजे मैं अपने घर पर था कि मेरे पीछे बाले मकान पर मेरा भतीजा प्रदीप गुर्जर अपने दोस्त अमित परिहार , मिथुन यादव के साथ बंदूक लेकर आये और मकान का गेट ताला तोडने लगे मैने ताला तोडने से मना किया तो तीनों मुझे मां बहिन की गंदी गंदी गांलिया देने लगे मैने गालियां देने से मना किया तो तीनों ने मेरी लातघूंसों से मारपीट की जिससे मेरे सिर मे पीछे , पीठ मे जगह जगह मूंदी चोटें आयी है ।  मौके पर मेरा लडका कृष्णा गुर्जर पत्नी माया गुर्जर थे जिन्होने घटना देखी तथा बीचबचाव किया । तीनों मुझसे कह रहे थे कि अगर तूमने थाने मे रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे । सो रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावें । उपरोक्त रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 212/24 धारा 323,294,506,34 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया ।
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिंह राठौड़ जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन ,चोरी , अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले जी के निर्देशन में एवं स्ध्हक्ककरैरा श्रीमान शिवनारायन मुकाती जी के कुशल मार्गदर्शन में थाना  प्रभारी करैरा श्री सुरेश




शर्मा के नेतृत्व मे पुलिस थाना करैरा की टीम ने तत्काल आरोपीगण की पतारसी की ब कालेज तिराहे से 01. प्रदीप गुर्जर पुत्र धीरज सिंह गुर्जर उम्र 28 साल नि0 ग्राम हाजीनगर थाना करैरा हाल मारूति कालौनी दतिया, 02. अमित परिहार पुत्र बीरपाल सिंह उम्र 24 साल नि0 ग्राम बीलोनी थाना उदगवां हाल बुन्देला कालौनी दतिया,03. मिथुन यादव पुत्र राममिलन उम्र 23 साल नि0 ग्राम लरायटा थाना चिरुला जिला दतिया 04. हरज्ञान सिंह गुर्जर पुत्र पहलवान सिंह गुर्जर उम्र 45 बर्ष नि. ग्राम हाजीनगर हाल शिवम विहार कालोनी टीला रोड करैरा 05. श्याम शर्मा उर्फ बिल्ली पुत्र मोहन शर्मा उम्र 38 साल नि0 ग्राम महाराजपुर थाना डबरा देहात हाल नया बाजार तेली की बजरिया ग्वालियर थाना इंदरगंज जिला ग्वालियर को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर आरोपी प्रदीप गुर्जर के कव्जे से एक लायसैंसी वंदूक 306 बोर व 40 जिंदा कारतूस व एक चला हुआ कारतूव वब लायसैंस को जप्त किया गया । आरोपी प्रदीप गुर्जर को बंदूक के साथ 25 राऊन्ड लेकर चलने की पात्रता थी एवं आचार संहिता लगी होने से वंदूक लेकर घूम रहा था व झगडा मे भी वंदूक लेकर पहुचा था व उसने वंदूक को दतिया थाना मे भी जमा नही की गई थी । आरोपी प्रदीप गुर्जर के विरूद्ध धारा 30 आर्म्स एक्ट का प्रकरण मे इजाफा किया गया ।इसके वाद पार्टी क्रमांक  01 प्रदीप गुर्जर 02 अमित परिहार 03. मिथुन यादव ब पार्टी क्रमांक 02 हरज्ञान गुर्जर के मध्य मकान का कव्जा प्लाँट काटने को लेकर ब कृषि भूमि के वटवारे को लेकर झगडा कई महीनो से चल रहा है अतः दौनो पक्ष एक दूसके के जानी दुश्मन वन गये है जिनके विरूद्ध धारा 151 जाफौ के तहत कार्यवाही की गई ।
**बरामद माल-** 01.  एक 306 बोर रायफल मय 40 जिंदा राऊन्ड एवं 01 चला हुआ राऊन्ड कुल कीमती 1,20,000 रूपये।
**इनकी रही भूमिका-**  थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि कलेस्तुस लकडा, सउनि शैलेन्द्र सिह चौहान, सउनि सुवोध टोप्पो, आर 732 संजीव, आर 688 आलोक जैन, आर 327 चालक जसवंत, आर 260 गजेन्द्र शर्मा, एनआरएस पुष्पेन्द्र तिवारी ।

योगेश शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे



चाचौड़ा जिला गुना न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने धारा 138 पराक्रम अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक 4 बाते 19 मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा मुरादाबाद विरुद्ध पूर्ण सिंह मीणा निवासी पिपलिया तहसील कुंभराज को चेक बाउंस होने पर दोषी प्रमाणित पाया और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चौरा ने करवा और जुर्माना तथा चेक राशि ब्याज सहित जमा करने का निर्णय पारित किया बैंक की ओर से पक्ष समर्थन श्री सतीश लाहोटी जी एडवोकेट चाचौड़ा ने किया बैंक की ओर से सतीश लाहोटी जी को बधाई प्रेषित की गई।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 को देखते हुए नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया पुलिस बल के साथ एसडीओपी प्रशांत शर्मा

राकेश परिहार
पिछोर
9691338626



पिछोर, नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को पिछोर एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी  जेपी गुप्ता तथा एसडीओपी पुलिस प्रशांत शर्मा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के को देखते हुऐ शांतिपूर्ण तरीके तथा आचार संहिता को लेकर पिछोर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस फोर्स द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।जिसमे पिछोर तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, पिछोर टीआई  रत्नेश सिंह यादव, नायब तहसीलदार निशिकांत जैन सहित थाना प्रभारी उपस्थित थे।



## मायापुर पुलिस को मिली अबैध शराब के संबंध में बड़ी सफलता, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1030 लीटर कच्ची शराब एवं दो मोटरसाइकिल जप्त की

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर,मायापुर,श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन मे एवं श्रीमान एसडीओपी  पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चलाये जा रहे अबैध शराब के विरुद्ध अभियान में आज दिनांक 22.03.24 को थाना प्रभारी मायापुर निरीक्षक नीतू सिंह को मुखविर सूचना मिली की ग्राम पीपरोदा उवारी मैं एक व्यक्ति अपने घर पर कच्ची शराब रखकर बेचता है उक्त सूचना पर से वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम बनाकर मुखबिर बताएं स्थान पर दविश  दी,  जहा पर से आरोपीगण बी.पी.उर्फ विश्वनाथ प्रताप परमार पुत्र इन्द्रपाल परमार उम्र 29 साल निवासी ग्राम पिपरौदा उबारी व जितेन्द्र उर्फ बिहारी केवट पुत्र भैयालाल केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपरौदा उबारी के कब्जे से 1030 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची अबैध शराब कीमती करीबन 103000 रुपये की मय दो मोटरसाईकिलों के मिलने पर शराब व मोटरसाईकिलों को आरोपीगणों से जप्त कर, आरोपीगणों को गिरफ्तार कर आरोपीगणों के विरुद्ध अप.क्र. 71/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मायापुर निरीक्षक नीतू सिंह, थाना प्रभारी पिछोर निरी. रत्नेश यादव, उनि अजय पटेल, उनि चन्द्रभान सिंह भदौरिया, उनि लोकनाथ भगत, सउनि राजेन्द्र शर्मा, सउनि प्रताप सिंह गुर्जर, सउनि शेख मेहबूब, प्र.आर.100 दीवान सिंह यादव, आर. 1082 मनीष निगम, आर.994 मुरारीलाल, आर.523 बृजेश, आर.977 सहदेव तोमर, आर. 468 विक्रांत शर्मा, सैनिक 254 अबधेश, सैनिक 34 निकिल एवं थाना पिछोर के बल की सराहनीय भूमिका रही है।

## पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा पुनः किया थानों का औचक निरीक्षण

राकेश परिहार पिछोर
9691338626





शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ ने दिनांक 23/03/2024 को जिले के थानों पर पहुंचकर थानों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के समक्ष एकाएक उत्पन्न होने बाली समस्याओं पर चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिये । पुलिस अधीक्षक थाना सुरवाया, अमोला, करेरा, दिनारा, पिछोर, खनियाधाना, मायापुर, रन्नोद पहुंचे और थानों का औचक निरीक्षण किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों के परिसर का निरीक्षण करते हुये थाना परिसरों में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों से थानों के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली । आगामी लोकसभा चुनावों, त्योहारों मे शांति व्यवस्ता बनाये रखने एवं अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों के जनसुनवाई डेस्क, आगंतुक कक्ष व महिला डेस्क, शस्त्रों का निरीक्षण किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को समय से गश्त रवाना करने एवं चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग करने का आदेश देते हुये क्षेत्र मे माफियाओं, गुंडों, अपराधियों व फरार आरोपीयों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये । इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका सिकंदरा बैरियर पर पहुंचकर चैकिंग का जायजा लिया ।

## हाथ भट्टी की 290 लीटर कच्ची शराब एंव शराब बनाने के उपकरण किये जप्त व 05 हजार लीटर लाहन को किया नष्ट

राकेश परिहार पिछोर
9691338626




पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौर जी एंव श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव मूले जी द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 22.03.2024 को  थाना प्रभारी दिनारा उनि संतोष  को मुखबिर जरिये सूचना मिली कि ग्राम उटवाह के जंगल मे नदी किनारे हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनायी जा रही है उक्त सूचना पर से वरिष्ट अधिकारीगणो को अवगत कराकर उक्त सूचना पर श्रीमान एसडीओपी महोदय अनुभाग करैरा श्री शिवनारायण मुकाती जी के मार्गदर्शन मे त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम उटवाहा जंगल मे नदी के पास दबिश दी गई तो मौके पर से 290 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एंव शराब बनाने की दो भट्टी एंव अन्य उपकरण मिले जिन्हें विधिवत जप्त किया गया तथा 25 ड्रम लाहन के भरे हुए कुल लाहन 05 हजार लीटर कीमत कुल 05 लाख रूपये मौके पर नष्ट किया गया । कुल जप्तशुदा मसरूका एंव नष्ट लाहन की कीमत 6,08,000/- रूपये करीबन पायी गयी । उक्त अज्ञात आरोपीगणो के विरूद्ध अपराध धारा 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया।  उक्त सरहानीय कार्यवाही मे श्रीमान एसडीओपी महोदय अनुभाग करैरा श्री शिवनारायम मुकाती, थाना प्रभारी दिनारा उनि संतोष भार्गव, चौकी प्रभारी थनरा उनि रामानंद पचौरी,  थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक सुरेश शर्मा, थाना प्रभारी अमोला उ.नि. अमित चतुर्वेदी, उ.नि. दीपक थाना नरबर,  सउनि विनोद गौतम, सउनि सुल्तान सिंह, प्रआर0 498 अशोक तिवारी, प्रआर0 252 हिमांशू चतुर्वेदी, प्रआर0 928 दीपक उपाध्याय, आर0 726 रामपाल जाट, आर0 240 पीकेश कुमार, आर0 588 रूपेन्द्र यादव, आर0 466 बलवीर बघेल, आर0 595 रामअवतार लोधी, आर0 747 मनोज यादव, सैनिक 246 सुरेन्द्र यादव एंव अनुभाग करैरा के फोर्स की सहानीय भूमिका रही ।

# कांग्रेस ने 65 वर्षों तक नारियों को उनके सम्मान और अधिकार से वंचित रखा : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

**गुना।** विदेशी आक्रांताओं को रानी झाँसी, रानी दुर्गावती, महारानी बैजा बाई सिंधिया हो या अहिल्या बाई होलकर ने मुँह तोड़ जवाब दिया है, 65 वर्षों में नारियों के खिलाफ़ अपराध जारी थे, दिल्ली में वीभत्स कांड होते थे, नारी शक्ति मेरी शक्ति लिखा हुआ पट्टा पहन कर आएँ सिंधिया केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लगातार गुना संसदीय क्षेत्र का दौरा कर रहे है और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार में लग हैं। शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री अपने तीनदिवसीय दौरे पर थे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए, पार्टी

## नारी शक्ति सम्मेलन में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की, उसके बाद विशेष रूप से आयोजित मातृ शक्ति सम्मेलन में शिवपुरी की हज़ारों महिलाओं को सम्बोधित किया । केंद्रीय मंत्री ने अपने अभिभाषण में कहा कि हमारा देश हज़ारों साल से नारी के आगे नतमस्तक व पूजन करने वाला देश है। माँ भारती के सिद्धांत, संस्कार को हमको आगे ले जाना है, उच्च मूल्य और सिद्धांत हमें अपनी आने वाली पीढ़ी में उत्पन्न करना है वो घर की महिला, घर की लक्ष्मी, देश की दुर्गा यानी हमारी मातृ शक्ति द्वारा किया जाता है। हमारे देश मातृ शक्ति की पूजा सदियों से जा रही है, जहां राम होते है, तो उनके बग़ल में माँ सीता भी होती है। देश के हर घर माँ के स्वरूपों का पूजन होता है और माँ लक्ष्मी, दुर्गा या सरस्वती की संस्कार के साथ भक्ति की जाती है। हमारे संत महात्माओं ने कहा है,यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं।

**सिंधिया ने की महिला योद्धाओं की तारीफ़**–केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने आगे कहा जब जब विदेशी आक्रांता ने देश पर टेढ़ी नज़र रखी तो इस देश की मातृ शक्ति ने दुर्गा, ज्वाला का रूप लेकर देश के संस्कार, पृष्ठभूमि के बचाव में आ जाती है, रानी झाँसी, रानी दुर्गावती, महारानी बैजा बाई सिंधिया हो या अहिल्या बाई होलकर ने मुँह तोड़ जवाब दिया है। आज जब हम वर्तमान की बात करें, तो हमें अपने इतिहास के इन महान मातृ शक्तियों से भी सीख लेनी होगी ।

**सिंधिया ने कांग्रेस पर किया हमला**–केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने भाषण में कांग्रेस पार्टी को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि 65 वर्षों में नारियों



का सम्मान नहीं किया जाता था, उनका अधिकार नहीं दिया जाता था, 65 वर्षों में नारियों के ख़िलाफ़ अपराध जारी थे, दिल्ली में विभत्स कांड होते थे, लेकिन जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ में कमान आई उसी दिन उन्होंने एक संकल्प लिया की माँ भारती को विश्व गुरू बनाना है और इस अभियान में प्रथम पंक्ति में किसी को उन्होंने जोड़ा तो देश की मातृ शक्ति को जोड़ा है और मातृ शक्ति के बिना देश आत्म निर्भर नहीं बन सकता है। केन्द्रीय मंत्री ने स्वयं सहायता समूह की बात की, केन्द्रीय मंत्री ने कहा आज देश में 20 करोड़ महिलाए स्वयं सहायता समूह बनाकर ना सिर्फ़ अपना घर चला रही है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की भी दृढ़ कर रही हैं ।

**केंद्रीय मंत्री ने भीड़ में पहचाना स्वर्णिम लाभार्थी**–केन्द्रीय मंत्री ने अपने अभिभाषण के दौरान अचानक रुक गए और भीड़ में बैठी एक महिला को पहचान लिया व उन्हें खड़े होने का आग्रह किया, केन्द्रीय मंत्री ने बताया ये हमारी मीरा लोधी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संचालित केवल एक योजना की नहीं पाँच-पाँच योजनाओं की लाभार्थी है। ये स्वर्णिम लाभार्थी है, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, स्वयं सहायता समूह, लखपति योजना की लाभार्थी है । केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की वजह से देश की करोड़ों महिलाएं लखपति बन गई है , ये पीएम मोदी हैं, जिन्होंने 65 वर्षों में पहली बार देश की गरीब महिलाओं के पीड़ा को समझा और उनकी कठिनाइयों का ना सिर्फ़ उजागर किया, बल्कि समस्याओं का निराकरण भी किया। देश की करोड़ी महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए लाल क़िले से महिलाओं के शौचालय - सैनिट्री नैप्किन की उन्होंने बात की, महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह क्रांति की बात उन्होंने कही, महिलाओं को लखपति दीदी भी बनाने की बात भी पीएम की है। दस साल में पीएम नरेंद्र मोदी जी ने एक करोड़ लखपति दीदी बनाई है, जो प्रतिमाह 50 हज़ार से एक लाख रुपए की कमाई कर रही है।

**कांग्रेस ने 65 वर्षों तक महिलाओं को धुएँ में रखा**–केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि एक समय था की देश की करोड़ों महिलाए आज़ादी के 65 वर्ष तक गाँव गाँव में लकड़ी डाल कर, फूंक फूंक कर चूल्हे में खाना बनाती थी। अपने फेफड़े में दो पैकेट सिगरेट समान धुआँ ले लेती थी, लेकिन केवल ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी है, जिन्होंने अपने बचपन में अपनी माँ को यह पीड़ा उठाते हुए देखा है, तो उन्होंने प्रण लिया की सभी महिलाओं को धुएँ से मुक्त किया है जिससे घर घर में अब एलपीजी गैस कनेक्शन लगा कर धुआँ से महिलाओं को मुक्त किया है। आज निशुल्क गैस सिलेंडर - स्टोव के साथ देश की महिलाओं को मिलता है।

**केंद्रीय मंत्री ने कहा हो सकता है अगली बार गुना से महिला सांसद बने**–केंद्रीय मंत्री ने संसद में महिला आरक्षण नारी शक्ति वंदन बिल पास होने पर कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के आधार पर देश की मातृ शक्ति को उनका अधिकार मिला है । शिवपुरी में ही देखें, तो आज इस मंच पर ज़िला पंचायत की महिला अध्यक्ष है, नगर पालिका की महिला अध्यक्ष , जनपद की अध्यक्ष भी महिला है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प के कारण आने वाले दिनों में हमारे देश संसद में भी मेरी 33 फीसदी महिलाएँ होंगी और हो सकता है कि अगली बार गुना की सांसद भी महिला बन सकती है। ट्रिपल तलाक़ अधिनियम रद्द भी कराया ताकि अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ अन्याय का अंत हो। उन्होंने कहा कि आज नारी शक्ति का ज़माना है, नारी शक्ति का अवसर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा आपको आगे लाकर भारत का झंडा उज्ज्वल कराना चाहते है ।

**राम मंदिर का भी किया जिक्र**–केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने अभिभाषण में कहा की पाँच सौ साल पुराना संघर्षो वाला हमारी पीढ़ियों द्वारा देखा गया, प्रभु श्री राम की स्थापना राम मंदिर भी 22 जनवरी को पूरा हो गया है । केन्द्रीय मंत्री ने आज नारी शक्ति कार्यक्रम में विशेष चन्देरी के कलाकारों द्वारा निर्मित भगवा रंग का पट्टा पहन कर आए जिसमें नारी शक्ति मेरी शक्ति ÷ लिखा हुआ था। इसका ज़िक्र उन्होंने खुद मंच से किया ।

**कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रहे कान्ट्रेक्टर्स की ली बैठक**

# जल जीवन मिशन के कार्य में गुणवत्ता और निर्धारित मापदण्डों का कर

मनेन्द्रगढ़/ कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में कान्ट्रेक्टर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घर-घर पानी समय पर मिले यह हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखकर जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यों को स्वीकृत किया गया है। इनमें से कुछ कार्य प्रारंभ और प्रगतिरत है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों से कहा कि प्रगतिरत एवं स्वीकृत कार्यों को पूरा कर आगामी ग्रीष्मकाल के पहले स्वच्छ पेयजल



पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, यह जनहितकारी कार्य है। इसे प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी ग्रीष्म काल में किसी को भी पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन कान्ट्रेक्टर्स एवं ठेकेदार ने कार्य शुरू नहीं किया है, वे शीघ्र शुरू कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सूचित करें।कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने इन कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता, निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में कार्य करे विभागों को समन्वय की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि किसी गांव में पेयजल की उपलब्धता के लिए कोई दिक्कत आ रही है तो फील्ड में विजिट कर कार्य को पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूरे हो गए है, वहां विद्युत कनेक्शन के लिए त्वरित कार्यवाही कर जल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी स्वीकृत कार्यों की बारी-बारी समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

# खरगोन पुलिस द्वारा देशी पिस्टल लेकर घूमने वाले के विरुद्ध कार्यवाही

**खरगोन. मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

देशी पिस्टल लेकर घूमने वाला 01 आरोपी गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से 01 देशी पिस्टल जप्त, पिस्टल की कीमत 20,000 /- रुपये

आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री अतुल सिंह द्वारा अवैध हथियारों के निर्माण एवं अवैध खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना बलकवाड़ा चौकी खलटका की अवैध हथियार लेकर घूमने वाले के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**–दिनांक 22.03.24 को चौकी खलटका थाना बलकवाड़ा पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, चंदन पिता दिनेश चौहान निवासी ग्राम खलटाका हाल मुकाम एशियन कालोनी को पिस्टल लेकर चिचली फाटा ग्राम निमरानी पर घूमते देखा गया है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान पर पहुची । पुलिस




टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचे व उसके बताए हुलिये अनुसार एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़ मे आए व्यक्ति से उसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम चंदन पिता दिनेश चौहान जाति राजपुत उम्र 20 साल निवासी ग्राम खलटाका बताया। उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसकी कमर मे देशी पिस्टल पाई गई । उक्त पिस्टल रखने के संबंध मे लाइसेंस व दस्तावेज के बारे मे पूछने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया । आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल जप्त कर गिरफ्तार किया गया 7 उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है । आरोपी का पुलिस रिमान्ड लिया जाकर अवैध हथियार के संबंध मे पूछताछ की जाएगी ।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी**–1.चंदन पिता दिनेश चौहान जाति राजपुत उम्र 20 साल निवासी ग्राम खलटाका

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**–आरोपी चंदन पिता दिनेश चौहान जाति राजपुत उम्र 20 साल निवासी ग्राम खलटाका के विरुध्द थाना बलकवाडा पर अपराध क्र 120/24 धारा 25(1) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया ।

**पुलिस टीम**–उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मंडलेश्वर श्री मनोहर गवली एवं थाना प्रभारी बलकवाडा निरीक्षक आर एस ठाकुर के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक 129 धनसिंग पवार, प्रधान आरक्षक 711 राजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक 269 पंकज शर्मा, आरक्षक अनिल कुशवाह, आरक्षक निरज यादव, आरक्षक नरेन्द्र जाट, आरक्षक राकेश चौहान का विशेष योगदान रहा ।



# शिवपुरी में बच्चों के साथ नज़र आए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मनाया होली का जश्न

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। उत्साह और उमंग के पर्व होली का माहौल आज कल समूचे ग्वालियर-चम्बल संभाग में नजर आ रहा है। इसी के बीच शनिवार को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बच्चों के साथ शिवपुरी में होली मनाते हुए नजर आए। उन्होंने बच्चों को हलुवा पूरी बांटी, उनके साथ 'जय श्री राम' का नारा लगाया और और सभी को अपना आशीर्वाद दिया, जिससे सभी बच्चों में एक नई ऊर्जा भर गयी। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का बच्चों से विशेष लगाव है, वह जहाँ भी जाते हैं, हमेशा कोशिश करते है कि क्षेत्र के बच्चों और युवा पीढ़ी से मिले, उनसे बातचीत करे और उनके विचारों को सुने। उनका यही अंदाज उन्हें क्षेत्र के लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित करता है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया अपने तीन दिन के दौरे पर अपने कर्म भूमि और लोकसभा क्षेत्र गुना आए हैं, जहाँ वह भाजपा के कार्यकर्ताओं को मिले, उन्होंने केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर अनेक सामाजिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनें।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापामार कार्यवाही जारी

**भगवानपुरा, बड़वाह व सनावद में खाद्य पदार्थों के जांच नमूने**

आमजन को मिलावट रहित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा



है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सतत जांच की जा रही है। इसी कडी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 23 मार्च को जिले में होली के त्योहार पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाकर छापामार कार्यवाही की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 23 मार्च को गजेन्द्र पिता श्री शंकरलाल चौहान भगवानपुरा से बेसन एवं मैदा का, सेसाराम पिता श्री बाबुलाल चौधरी भगवानपुरा से जलेबी का, वाहिद पठान पिता श्री सत्तार भगवानपुरा से धनिया पावडर का, साहिद पठान पिता श्री सत्तार भगवानपुरा से गरम मसाला का, दिनेश पिता श्री रामलाल यादव भगवानपुरा से खाद्य पदार्थ सेंव एवं जलेबी का, कल्लू पिता श्री मोहम्मद खान भगवानपुरा से हल्दी पावडर व जीरे का, खांडेराव पिता श्री मेघराज पाटील भगवानपुरा से खाद्य पदार्थ बेसन एवं जलेबी का राजाराम पिता श्री दयाराम मालवीय भगवानपुरा से खजुर, हरकंगन व सोयाबीन तेल क, किरण श्री भोजनालय बडवाह से मावा एवं सॉस का, मधुवन स्वीटस बडवाह से मलाई बर्फी, मिल्क केक एवं मावा का, मां जयंती स्वीटस बडवाह से मलाई बर्फी एवं मावा कतली का तथा श्याम डेयरी एवं स्वीटस सेंन्टर सनावद से खाद्य पदार्थ पनीर एवं मावा के नमूने सग्रंहित किये हैं। प्रयोगशाला जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की।

# लोक निर्माण मंत्री ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित

मुरैना 15 प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा है कि ''लोक निर्माण से लोक कल्याण'' सरकार का संकल्प है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को संबोधित करते हुये सर्किट हाउस मुरैना पर कही। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डंडोतिया, जिला महामंत्रीचारू डंडोतिया, श्री दिलीप डंडोतिया उपस्थित थे।त्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा पोटहॉल एप बनवाया जा रहा है, जिसमें पोट हॉल की ट्रेकिंग, मॉनीटरिंग की जा सकती है। स?कों पर कहीं भी गड्डे होंगे, वहां कोई भी व्यक्ति फोटो खींचकर ट्रेकिंग एप्प पर अपलोड करेगा तो शीघ्र ही उस स?क के गड्डे को भरवाया जायेगा। यह पीडब्ल्यूडी विभाग की प्लानिंग है। उन्होंने कहा कि लोगों को परिवर्तन दिखाई देखा, जो लोग इंजीनियर है, उन्हें उच्च क्वालिटी के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा। ताकि आने वाले समय में पीडब्ल्यूडी विभाग में बेहतर से बेहतर कार्य करा सकें। मंत्री श्री सिंह ने केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार की अनेकों योजनाओं को विस्तार से पत्रकारों को अवगत कराया। प्रेसवार्ता में पत्रकारों ने सर्किट हाउस का रिनोवेशन करने की बात रखी। इस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में सर्किट हाउस नई सूरत में दिखेगा, इसके लिये स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दे दिये गये है। लोगों को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिये उसे आउटसोर्स पर चलवाने की प्लानिंग की जायेगी। ताकि लोगों को बेहतर सुविधायें मिल सके।

# शहर में 16 स्थानों पर की जा सकेंगीं चुनावी सभायें

**ग्वालियर।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर चुनावी सभाओं के लिये स्थान तय कर दिए गए हैं। शहर में स्थित फूलबाग मैदान क्रमांक-एक व लक्ष्मीबाई स्मारक के सामने फूलबाग क्रमांक-2 हेमू कालानी चौक चावड़ी बाजार से सराफा गेट तक, रामलीला मैदान मुरार, बारादरी चौराहा मुरार, सिंहपुर रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर, सदर बाजार मुरार चौराहा विजयराजे सिंधिया कन्या महाविद्याय ग्वालियर की ओर जाने वाले मार्ग पर, एसएएफ मैदान, आईआईआईटीएम. मुरैना लिंक रोड के सामने का मैदान, जीवायएमसी. मैदान सनातन धर्म मंदिर रोड व इन्टक मैदान हजीरा व पाताली हनुमान के पास मनोरंजनालय के बगल में नगर निगम पार्क को सभा स्थल निर्धारित किया गया हैं। इनके अलावा मेला मैदान, दहशरा मैदान ठाठीपुर, कोटेश्वर मंदिर के पास का मैदान, लाला का बाजार में महारूद्र मण्डल के सामने व सेवानगर पार्क को चुनावी सभा के लिये चिन्हित किया गया है।



जिले में लोकसभा आम चुनाव कराने के लिए एमएलबी कालेज से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथ ही मतदान के बाद एमएलबी कालेज में ही विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम रखी जाएंगी। ईवीएम में दर्ज मत एवं डाक मतपत्रों की गणना भी एमएलबी कालेज में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रुचिका चौहान के निर्देशन में मतदान सामग्री वितरण व वापसी एवं मतगणना की तैयारियां जारी हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों के साथ एमएलबी कालेज पहुंचे जहां यह निर्देश अधिकारियों को दिए।

## होली पर चढ़ा चुनावी रंग, चुनाव आयोग की रहेगी नजर

**ग्वालियर।** होली पर लोकसभा का चुनाव का रंग नजर आने लगा है। नेताओं के नाम की पिचकारी के अलावा भगवा टोपी व भगवा गुलाल की डिमांड भी है।रंगों के त्योहार पर पर आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह भी चुनावी रंग में रंगें नजर आने लगे हैं।नगर के प्रमुख नेताओं ने होली से पहले ही होली मिलन समारोह आयोजित करने शुरु कर दिये हैं।राजनीति से जुड़े लोगों द्वारा आयोजित किये जाने वाले होली मिलन समारोह पर चुनाव आयोग की भी नजर रहेगी। लोकसभा चुनाव से पहले होली का पर्व है। होली का पर्व वैसे तो रंगपंचमी तक मनाया जाता है।सामाजिक संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह पूरे माह आयोजित किये जाते हैं।होली मिलन समारोह का सिलसिला शुरु हो गया है।शुक्रवार को पूर्व मंत्री बालेंदु शुक्ला के निवास पर होली मिलन समारोह फाग का आयोजन किया गया।





23 मार्च, डॉ. लोहिया के जन्म दिवस को विश्व संसद दिवस के रूप में मनाया जाए

# संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव के नाम लोसपा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

भिण्ड। मित्रों 23 मार्च डॉ. राममनोहर लोहिया का जन्म दिन है और हम सभी लोग प्रतिवर्ष डॉ. लोहिया का जन्म दिवस पर उनकी याद करते हैं। उनके विचारों और कार्यों का यथा शक्ति फैलाने का प्रयास करते हैं आज दुनिया की स्थिति बनी है। वह धीरे-धीरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही हैं। रूस और यूक्रेन का संघर्ष 2 वर्ष से जारी है। इजराइल फिलिस्तीन को समाप्त करने में लगा हैं। अमेरिका और इरान के बीच अघोषित युद्ध चल रहा हैं। चीन के तिब्बत पर कब्जे को लगभग 75 वर्ष और भारतीय भूमि पर कब्जे को लगभग 60 वर्ष हो रहें हैं। सारी दुनिया धीरे-धीरे हिंसा और युद्ध की दिशा में बढ़ रही हैं। इसका हल एक मात्र लोहिया के विश्व संसद के सुझाव में हैं। उन्होंने अपनी सप्त क्रांति में निशस्त्रीकरण हथियार और युद्ध मुक्त दुनिया तथा बालिक मताधिकार से निर्वाचित विश्व संसद का महत्वपूर्ण स्थान दिया था। इसी को लेकर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने 23 मार्च को विश्व संसद दिवस के रूप में मनाये जाने की मांग की और डॉ. राम मनोहर लोहिया को याद किया। और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के द्वारा श्री रघु ठाकुर जी के निर्देशन में एक प्रस्ताव पास कर पार्टी के संभागीय अध्यक्ष राकेश कौरव के नेतृत्व में ज्ञापन के रूप में भारत सरकार के मार्फत संयुक्त राष्ट संघ को भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के माध्यम से सोपा गया जिसमें मांग की गई कि 23 मार्च को विश्व संसद दिवस घोषित किया जायें। ज्ञापन में मुख्य रूप से बताया गया कि भारत के समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया ने समूची दुनिया में रंग, नस्ल, जाति, लिंग, आर्थिक और राजनैतिक विषमता के विरूद्ध आवाज उठाई थी। उन्होंने युद्ध मुक्त, हथियार मुक्त एक दुनिया बनाने के लिये बालिग मताधिकार से निर्वाचित विश्व संसद के गठन का मौलिक विचार दिया था। आज दुनिया में जितने भी सीमा विवाद या अन्य किसी प्रकार के विवाद है इनका हल विश्व संसद से हो सकता हैं। आतंकवाद जैसी समस्याओं का हल भी निर्वाचित विश्व संसद से हो सकता हैं। ज्ञापन सौंपते समय राकेश कौरव के साथ, पार्टी के प्रदेश महासचिव निसार कुरेशी, गजेंद्र भदोरिया, कल्पना सोनी, उषा यादव आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिवाजी पब्लिक स्कूल में एक दूसरे को गुलाल लगाकर मनाई होली

# स्कूल संचालक ने छात्रों को वितरित किया रंग, गुलाल, पिचकार होली खेलने लिए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता ग्वालियर**

मालनपुर/मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह



कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया द्य विद्यालय संचालक वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के साथ पूजा अर्चना कर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ कियाद्य इस अवसर पर स्कूल संचालक ने कहा कि इस पर्व का अपना महत्व है यह हमारे जीवन में खुशियों और उल्लास के रंग भरता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पानी के दुरुपयोग न करने की सलाह दी कहा कि पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है, इसलिए हमें सूखी होली खेलने का संकल्प लेना चाहिए ,यह पर्व भाई चारे और एकता का प्रतीक है हमें यह त्योहार आपसी सद्भावना और भाईचारे के साथ बनाना चाहिए उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है और आचार संहिता लागू है आप सभी छात्र अपने परिजनों से कहें की होली का त्योहार कानून और नियमों के दायरे में रहकर ही मनाऐं होली पर हुड़दंग और उपद्र ना करेंद्य शांति एवं भाईचारे से त्योहार मनाए एवं होलिका दहन करते समय ध्यान रखें कि बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन ना होने दें होली मिलन समारोह में छात्र- छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का उत्सव मनाया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के बाद सभी छात्रों को स्कूल संचालक द्वारा रंग बिरंगी पिचकारी, रंग,





गुलाल और मिठाई के पैकेट वितरित किए और सभी को होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी द्य इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्कूल संचालक परिहार ने कहा है कि भगवान और हमारे माता-पिता के आशीर्वाद से हमारे पास सब कुछ है मैं इन नन्हे मुन्ने बच्चों एवं अपने स्कूल के समस्त स्टाफ के लिए हर समय समर्पित हूं बच्चों को खुशी मिलनी चाहिए।

## बटेश्वर में 120 मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में, इन्हें संवारे तो बढ़ेंगे पर्यटक

ग्वालियर। ग्वालियर शहर को यूनेस्को ने सिटी आफ म्यूजिक का दर्जा दिया है। इसके साथ ही यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर ने ग्वालियर को भारत की अस्थायी सूची में शामिल कर लिया है। यानी दुनिया के नक्शे में तो ग्वालियर आ चुका है, लेकिन अब जरूरत है लोकल लेवल पर ब्रांडिंग की। इसके लिए सरकार को प्रयास करने चाहिए। अभी पर्यटक दिल्ली से आगरा होकर सीधा खजुराहो या ओरछा निकल जाता हैं। उन्हें ग्वालियर रोकना होगा। यह बात पुरातत्वविद एवं पद्मश्री केके मोहम्मद ने %नईदुनिया% से कही। उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटकों को ऐतिहासिक विरासत देखना बहुत पसंद है। हम यदि ग्वालियर चंबल संभाग के मंदिरों का पुनर्निर्माण और ब्रांडिंग कर लें तो पर्यटकों की संख्या में खासा इजाफा किया जा सकता है। बटेश्वर में ही अभी 120 मंदिर बचे हैं, जिन्हें ठीक किया जाना है।



## मोबाइल लौटा कर दिया ईमानदारी का परिचय

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे



दमोह। शहर के शोभानगर निवासी एक युवक को बस स्टैंड रोड पर मोबाइल डला मिला जिसे उसने शहर के थाना कोतवाली में सौंपकर ईमानदारी का परिचय दिया। युवक का नाम मयंक सेन है जो बस स्टैंड से गुजर रहा था तभी उसे रोड पर एक मोबाइल दिखा जिसे उठाकर उसने कोतवाली पुलिस के हाथों में दे दिया।

# होली सहित आने वाले सभी त्यौहारों को शांति सद्भाव और उत्साह से मनायें : कलेक्टर

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होली के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द,सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता बरतने के संबंध में शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान एसपी डॉ. असित यादव,सीईओ जिला पंचायत जगदीश कुमार गोमे,एडीएम लक्ष्मीकांत पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि होली,रंगपंचमी एवं ईद-उल-फितर का त्यौहार शांति एवं सद्भावना के साथ मनाया जाये। उन्होंने आने वाले सभी

**होली का त्यौहार शांति एवं भाईचारा के साथ मनायें - पुलिस अधीक्षक**

**जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न नागरिकों से की अपील**

त्यौहारों की सभी को शुभकामनायें दीं तथा जिले में आपसी भाईचारे के माहौल में पूरे उमंग उल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्य त्यौहारों में शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने त्यौहार को जिले में शांति व्यवस्था में मनाये जाने हेतु चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर की कार्यवाहियों को पूर्ण कराते हुये ध्यान रखेंगे। त्यौहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे सुनिश्चित किया जावे। निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन हेतु लकडियों के स्थान पर कंडों की होली जलाई जावे। इस संबंध में समस्त समिति सदस्यों के द्वारा प्रस्ताव पर सहमति दी गई। जिन पारंपरिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है, उन्हीं स्थानों पर होली का दहन किया जावे। इस संबंध में यह विशेष रूप से ध्यान रखा जावे कि होली की ऊंचाई अधिक न रखी जावे तथा ऐसे स्थान जहां पर टेलीफोन, विधुत तार आते हों उन स्थानों पर होली न जलाई जावे, होली के कार्यक्रमों में डीजे/ध्वनि विस्ताकर यत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, होलिका दहन 24 मार्च 2024 एवं 25 मार्च 2024 को होने से बाजारों में भीड न लगाई जावे, मोटर साइकिल पर एक साथ तीन लोग न निकलें। बाजारों में निगरानी रखने हेतु पुलिस गस्त बड़ाई जाये, इस सबंध में समस्त फील्ड स्टाफ को निर्देश दिये गये। उन्होंने समस्त संगठनों से अपील कर कहा कि होली, रंगपंचमी, ईद-उल फितर त्यौहार आपसी सद्भाव से मनावें। साथ ही बुलेट, दो पहिया वाहनों के सायलेंसर जिनसे ध्वनि प्रदूषण होता है, उन वाहनों को पुलिस द्वारा राजसात करने की कार्यवाही की जावे। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा पुलिस एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित कर कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करें। होलिका स्थल पर समिति द्वारा त्यौहार मनाये जाने हेतु शहर/कस्बों में 02 वॉलिंटियर्स नियुक्त किये जावें जो शांति, सद्भाव, भाई चारे के साथ त्यौहार मनाने हेतु लोगों को समझाइश दें। नगर पालिका त्यौहारों से पूर्व शहर/कस्बों/मोहल्लों/चौराहों पर सफाई व्यवस्था करे साथ ही स्ट्रीट लाईट की मरम्मत कराई जावे एवं नगर पालिका भिण्ड यह सुनिश्चित करेगी कि होलिका दहन के दौरान फायर बिग्रेड



का अमला वाहन सहित अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। कचरा वाहनों के माध्यम से इस बात का प्रचार-प्रसार कराया जावे कि होली में किसी को भी जबरदस्ती/अनावश्यक रूप से रंग न लगाया जावे। त्यौहारों वाले दिन पेयजल की समस्या न हो इस हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी भिण्ड तथा स्टाफ को निर्देशित किया गया कि समस्त जगह पर पानी की सप्लाई सतत् रूप से रखी जावे। जिन स्थानों पर पानी मिलने में कठिनाई आती हो वहां पर टेंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराई जावे। होली, रंगपचमी, के मौके पर शहर में गौरी सरोवर, कुंआरी नदी, सिंध नदी, चंबल नदी आदि चिन्हित स्थानों पर बेरिकेडिंग किये जाने के संबंध में नगर पालिका, संबंधित ग्राम पंचायतों एवं पुलिस/होमगार्ड की टीमों को (बोट, रस्सी, ट्यूब, अक्सालाईट) मय व्यवस्था उपस्थित होने के संबंध में निर्देशित किया गया ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर एवं स्टाफ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें इस संबंध में डियूटी चार्ट अनुसार डॉक्टर उपलबध रहें। साथ ही दवाईयों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध रहें सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने ई.ई. एमपीईबी भिण्ड को निर्देशित किया कि होली त्योहार में विद्युत आपूर्ति की सप्लाई सतत् रूप से बनी रहे सुनिश्चित किया जावे, होली वाले दिन ऐसे स्थान जहां होलिका दहन किया जाता है, वहां पर विद्युत तार लटक न रहे हों उनकी मेंटनेस कराई जावे। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने शांति समिति के आये समस्त सदस्यों को होली, रंगपंचमी, ईद-उल-फितर त्यौहारों की शुभकामनायें दीं। साथ ही आपसी भाई-चारे एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से आपसी मेल मिलाप की मिसाल कायम करते हुये प्रतिवर्ष अनुसार त्यौहारों को मनाने का तथा भिण्ड जिले की उक्त गौरवशाली परंपरा को निभाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव ने पुलिस विभाग एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें। त्यौहार शांति एवं सद्भावना के साथ मनायें। उन्होंने होली का त्यौहार शांति एवं भाईचारा के साथ मनाने की बात कही। शान्ति समिति के सदस्यों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में सहयोग करने की अपेक्षा की।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478